

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 5 मार्च 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-336 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जीजा-साले को अज्ञात वाहन ने रौंदा, दोनों की मौत

**बलौदाबाजार,5 मार्च।** जिले में हादसों का दौर जारी है. रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि वैवाहिक कार्यक्रम से वापस अपने घर भैंसमुड़ी जा रहे जीजा-साले को अज्ञात वाहन ने पलारी थाना अंतर्गत ग्राम गिर्रा के पास भयानक हादसा हुआ है. हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया. पलारी पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है. घटना में मृतकों की पहचान सुनील कुमार यादव और नरेंद्र कुमार यादव के रूप में हुई है.

### जगदलपुर-हैदराबाद विमान सेवा 31 से

**रायपुर,5 मार्च।** जगदलपुर और हैदराबाद के बीच विमान सेवा प्रारंभ करने की घोषणा इंडिगो एयरलाइंस द्वारा कर दी गई है। यह फ्लाइट तीन दिन दोनों शहरों के बीच आवाजाही करेगी और चार दिनों तक इसका विस्तार रायपुर तक किया जाएगा। यानी चार दिन तक रायपुर-जगदलपुर के बीच यात्री इंडिगो की फ्लाइट में सफर करने की सुविधा ले पाएंगे। विमान का संचालन 31 मार्च से किए जाने की घोषणा की गई है। इंडिगो द्वारा इस फ्लाइट की शुरुआत करने की चर्चा काफी समय पहले प्रारंभ हो गई थी, मगर औपचारिक घोषणा अभी की गई है। रायपुर, जगदलपुर, हैदराबाद के बीच अभी अलायंस एयर द्वारा फ्लाइट का संचालन किया जाता है। कई बार तकनीकी वजह से इसकी आवाजाही नियमित नहीं हो पाती और यात्रियों की परेशानी का कारण बनता है। अब इस सेक्टर में सफर करने वाले यात्रियों को दूसरा विकल्प इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट के रूप में मिलेगा। इसके साथ ही रायपुर-जगदलपुर के बीच हवाई यात्रा करने वालों को एक और सुविधा मिलेगी।

# शिवधाम में पारद शिवलिंग के दर्शन छः मार्च से

## ग्राम तुलसी में सुबह से चलेगा प्रतिष्ठा समारोह

**रायपुर,5 मार्च**



ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम में कल 6 मार्च से भोले भंडारी अपने भक्तों को पारद शिवलिंग के रूप में दर्शन देंगे। शिवधाम में पारद शिवलिंग की प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान का श्रीगणेश आज से शुरू हो गया है। प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान कल 6 मार्च को होगा। पारद शिवलिंग की स्थापना धर्म शास्त्रों में उल्लेखित विधान के अनुसार किया जाएगा।

धर्म ग्रंथों में शिवलिंग के सभी प्रकारों में से चमत्कारी एवं सभी साधनाओं के लिए उत्तम पारद से निर्मित 108 किलो ग्राम के शिवलिंग की यहां प्रतिष्ठा की जाएगी। पारा अत्यंत ही तरल पदार्थ है। इससे निर्मित शिवलिंग बहुत ही पवित्र व शक्तिशाली होता है। इसके दर्शन मात्र से नकारात्मक शक्तियों का नाश होकर सुख-समृद्धि के साथ ही सकारात्मक ताकतों का संचार होता है। शिवधाम शोध एवं सेवा संस्थान, रायपुर द्वारा खारून नदी के तट पर विकसित शिवधाम तीर्थ क्षेत्र में पारद शिवलिंग प्रतिष्ठा समारोह छः मार्च को पूर्वान्ह सवा दस बजे से होगा।पवित्र और अद्भुत प्रतिष्ठा अनुष्ठान अघोर पीठ क्रीं कुण्ड, वाराणसी के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के करकमलों से होगी। इस अवसर पर अघोर गणेश, माँ पार्वती एवं बाबा काल भैरव के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जाएगी। इस पावन भूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में अघोरेश्वर भोलेनाथ का विशाल शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठित है। साथ ही भगवान अघोरेश्वर राम तथा माँ काली (अघोरेश्वरी) प्रतिमा रूप में साक्षात विराजित हैं। शिवधाम में पारद शिवलिंग का दर्शन व पूजन भक्तों के लिए अत्यंत ही लाभकारी होता है। इससे मान-सम्मान यश,धन ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार देवताओं ने हनुमान जी को पारद शिवलिंग उपहार में दिया था। महादेवघाट से अमलेश्वर सांकरा मोतीपुर, झीट तथा खुड़मुड़ी होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम में नवरात्रि, महाशिवरात्रि सहित विभिन्न अवसरों पर कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। पारद शिवलिंग की प्रतिष्ठा के बाद यह क्षेत्र और भी शक्तिशाली हो जाएगा। पारद शिवलिंग में समस्त पापों व रोगों को नष्ट करने की शक्ति होती है। इसका स्पर्श करने से महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। पारद शिवलिंग की पूजा से 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का पुण्य मिलता है। पारा शिवजी को अत्यंत प्रिय है। पारा की उत्पत्ति भगवान शिव के अंश से हुई है। पारद शिवलिंग की पूजा करने वाले की स्वयं महाकाल और महाकाली रक्षा करती हैं। पारदेश्वर महादेव के दर्शन बहुत कम ही स्थानों पर होती हैं। छत्तीसगढ़ के शिवभक्तों को अब शिवधाम में पारद शिवलिंग के दर्शन व पूजा का सौभाग्य मिलेगा।

# चुनावी बांड विवरण का खुलासा करने एसबीआई ने सुको से मांगी 30 जून तक की मोहलत

**नई दिल्ली,5 मार्च।** मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी बांड योजना को अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार बैंक को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रही है। चुनावी बांड विवरण का खुलासा करने के लिए अधिक समय की मांग करने वाली भारतीय स्टेट बैंक की सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर प्रतिक्रिया करते हुए कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर अपने कथित संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए बैंक का उपयोग करने का आरोप लगाया। सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफइंडिया (सीबीआई) की ओर से अर्जी दाखिल कर रहा गया है कि इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के मामले में जानकारी देने के लिए उन्हें 30 जून तक का वक्त दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉण्ड स्कीम को खारिज कर दिया था और एसबीआई को निर्देश दिया था कि वो इसके बारे में जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग के सामने पेश करें। एसबीआई ने अर्जी में कहा कि बॉण्ड देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाए इसके लिए कड़े कदम उठाए गए थे। इस वजह से चुनावी बॉण्ड को डिकोड करना और दान देने वालों के दान का मिलान करना एक जटिल प्रक्रिया होगी। कोई सेंट्रल डेटाबेस नहीं रखा गया था। ऐसा तय करने के लिए किया गया था कि डोनर की पहचान को गुप्त रखा जा सके। आवेदन में कहा गया है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 15 फरवरी 2024 के बीच 22,217 इलेक्टोरल बॉण्ड जारी किए गए हैं। यह वॉण्ड अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों को डोनेशन के लिए जारी हुए हैं। इन्हें मुंबई स्थित शाखा में डिपॉजिट किया गया था। उसे डिकोड और तैयार करना है। इस



तरह 44,434 सेट की जानकारी चाहिए। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को एसबीआई को चुनावी बांड पर अपनी चालाकी से बच निकलने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। आम चुनाव से पहले लोगों को पता होना चाहिए कि किसने किससे क्या प्राप्त किया और क्या इसमें प्रथम दृष्टया कोई बदले की भावना शामिल थी? एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी ने 'चंदा कारोबार' को छुपाने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनावी बांड के बारे में सच्चाई जानना देश के लोगों का अधिकार है, तो फिर एसबीआई क्यों नहीं चाहता कि यह जानकारी चुनाव से पहले सार्वजनिक की जाए?

# मैंने कभी व्यक्तिगत हमले नहीं किए: मोदी

**हैदराबाद,5 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (5 मार्च) तेलंगाना के संगारेड्डी में 7,200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। संगारेड्डी में एक सार्वजनिक सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पूरी दुनिया में आशा की नई किरण बनकर उभरा है। पीएम मोदी ने कहा, ÷आप सब जानते हैं कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। मैंने कहा था कि हम भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आज आप देख सकते हैं कि भारत पूरी दुनिया में आशा की नई किरण बनकर उभरा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा बीजेपी ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि



हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई। उन्होंने कहा कि आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है - क्योंकि मैं इनके सैंकडों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफआवाज उठा रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं, जब मैं कहता हूं कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है, तो ये लोग जवाब नहीं देते बल्कि उल्टा कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार ही नहीं है। कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं। उनके दर्शन मात्र से ही वे बेचैन हो जाते हैं, इसका कारण यह है कि मैं उनके रहस्यों और घोटालों का उद्घाटन कर रहा हूँ। मैं कभी किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता, बस इतना कहता हूं कि वे परिवारवादी हैं। उन्होंने कहा कि मैं परिवारवाद की निंदा करता हूं क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, यह प्रतिभा को बढ़ने नहीं देता है और देश के साथ-साथ व्यक्तियों के विकास में बाधा डालता है।

### न्याय यात्रा की गुजरात एंट्री से पहले तीन पूर्व विधायक बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली,5 मार्च।** लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस को एक के बाद एक झटके दे रही है। ये झटके राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लग रहे हैं। महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के भाजपा प्रवेश करने के बाद अब गुजरात कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। भारत जोड़ो यात्रा के गुजरा पहुंचने से तीन दिन पहले बीजेपी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अंबरीश डेर समेत तीन पूर्व विधायकों को पार्टी से बाहर कर दिया है। अर्जुन मोढवाडिया, मुलु भाई कंदोरिया और डेर आज बीजेपी में शामिल हो गए हैं।

# बीजेपी नेता पर गोली चलाने वाला एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**रायगढ़,5 मार्च।** जिले में बीजेपी नेता पर गोली चलाने वाले आप नेता अमर अग्रवाल को पुलिस ने रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने एयर गन से भाजपा नेता गोपालगिरी पर फायरिंग कर जख्मी कर दिया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे रायगढ़ और रायपुर क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि रायगढ़ जिला में खरसिया थाना क्षेत्र में गोलीकांड की जानकारी के बाद हड़कंप मच गया था। संजय नगर खरसिया में आपसी विवाद को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल ने एयर गन से बीजेपी नेता गोपालगिरी पर फायरिंग कर दिया गया था। करीब से चलाये गये एयर गन का छर्रा गोपालगिरी के सर के पीछे लगने से गंभीर चोट आई थी, जिसे फौरन प्राथमिक उपचार के बाद रायगढ़ रेफर कर दिया गया।

जानकारी मिलते ही पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार अमर अग्रवाल की पतासाजी शुरू की गयी। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी छत्तीसगढ़ छोड़कर दिल्ली भागने की फिराक में है। जिसके बाद रायगढ़ पुलिस ने रायपुर पुलिस को जानकारी देकर आरोपी की धरपकड़ के लिए मदद मांगी गयी। जिसके बाद रायगढ़ पुलिस और रायपुर क्राइम ब्रांच की टीम ने रायपुर एयरपोर्ट पर दबिश देकर आरोपी अमर अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिस स्कूल से पढ़कर कई लोग ऊंचे पदों पर पहुंचे उस स्कूल का भवन जर्जर

**मुंगेली,5 मार्च।** मुंगेली के जरहागांव (मोतिमपुर) स्थित ब्रुक्स उच्चतर माध्यमिक शाला अविभाजित मध्यप्रदेश के समय का बिलासपुर जिले का एक ऐसा स्कूल है, जो उस समय अपनी पढ़ाई, अनुशासन के नाम से न सिर्फ जिला बल्कि पूरे प्रदेश में जाना जाता था. यहां वर्तमान विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, वर्तमान डिप्टी सीएम के पिता अभय राम, वैज्ञानिक, इंजीनियर, पुलिस, टीचर, पत्रकार समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने शिक्षा ग्रहण ग्रहण कर अपनी तकदीर संवारी है, लेकिन आज यह स्कूल संसाधनों के अभाव में मरम्मत का बाट जोह रहा है. यही वजह है अब यहां के पूर्व छात्रों ने इस स्कूल को संवारने के लिए मुहिम चलाया है. दरअसल बीते दिनों स्कूल प्रबंधन ने पूर्व छात्रों का स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम रखा, जिसमें स्कूल की विभिन्न जरूरत व मांगों को पूर्व छात्रों के समक्ष रखा गया. इस पर स्वस्फूर्त पूर्व छात्रों ने एक स्वर में स्वेच्छानुरूप आर्थिक सहयोग देने की बात कहते हुए स्कूल के जीर्णोद्धार के लिए अभियान चलाने का फैसला लिया. जानकारी के मुताबिक बड़ी संख्या में पूर्व छात्र इस अभियान में शामिल होकर अंशदान दे चुके हैं और लगातार लोग इस अभियान से जुड़ते जा रहे हैं. स्कूल की मरम्मत, रखरखाव व जरूरी संसाधन के लिए भारी भरकम बजट की जरूरत है. यही वजह है कि स्कूल प्रबंधन ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं शासन से भी मदद की गुहार लगाई है.

वर्तमान स्कूल प्राचार्य अनवीता लाल ने बताया कि इस स्कूल का संचालन छत्तीसगढ़ डायसिस बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन द्वारा संचालित हो रहा. इसका मुख्यालय रायपुर है. इसके अंतर्गत शाला प्रबंध समिति है. इस विद्यालय के संचालन एवं रख रखाव के लिए शासन से कोई धन राशि नहीं दी जाती है. केवल कर्मचारियों का वेतन अनुदान के रूप में दिया जाता है. इस कारण स्कूल संचालन में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

# जय श्रीराम बोलो और भूखे मर जाओ : राहुल

**शाजापुर,5 मार्च।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है। मंगलवार को राहुल गांधी की यात्रा का काफिला शाजापुर पहुंचा इस दौरान उनके साथ एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी मौजूद रहे। शाजापुर में हुई नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि आप दिनभर मोबाइल पर रहो, जय श्रीराम बोलो और भूखे मर जाओ।

इस दौरान न्याय यात्रा में भाजपा के कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे और राहुल गांधी का स्वागत मोदी-मोदी नारे लगाकर किया। जिसे सुनकर राहुल गांधी स्वयं गाड़ी से उतरे और भाजपा कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जय श्री राम के नारे भी लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के हाथ में आलू दिए और कहा कि आलू से सोना बना दीजिए। एमपी के शाजापुर में न्याय यात्रा का मंगलवार को चौथा दिन है। यात्रा ब्यावरा से शुरू होकर पचोर, सारंगपुर होकर शाजापुर पहुंची। इस दौरान राहुल ने शाजापुर में रोड शो किया। इसके बाद मक्सी पहुंचेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राहुल दोपहर दो बजे के करीब महाकाल के दर्शन को पहुंचेंगे और वहां पर एक रोड शो कर नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। उज्जैन में रोड शो महाकाल



चौराहा से गुदरी, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, सराफा, सतीगेट, कंठाल, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा होते हुए देवास गेट चौराहा पहुंचेगा। यहां राहुल की सभा होगी। राहुल उज्जैन से 30 किमी दूर इंगोरिया में रात्रि विश्राग करेंगे।

जयराम रमेश ने राजगढ़ में पीएम नरेंद्र मोदी के मेरा देश मेरा परिवार है कैंपेन पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता 140 करोड़ जनता है, हम जनता की आवाज उठा रहे हैं। यदि 140 करोड़ भारतीय उनका परिवार हैं, तो उन्होंने उनका विश्वास क्यों तोड़ा है? उन्होंने उनके साथ अन्याय क्यों किया है। जयराम रमेश ने कहा कि कल सोमवार रात राजगढ़ में राहुल महापंचायत में पहुचे जंहा किसानों ने राहुल के सामने अपनी परेशानियां बताईं और मांगें रखीं। MSP और कर्ज माफी पर चर्चा हुई। राहुल ने किसानों से कहा कि किसान व किसान संगठन के लिए कांग्रेस का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। जब हम सत्ता में आएंगे तो अग्निपथ योजना का विश्लेषण करेंगे और जो बदलाव लाना है वो लाएंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे शाजापुर के मक्सी में विद्या संस्कार इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में लंच होगा। न्याय यात्रा कायथा, विजयगंज मंडी और मक्सी होते हुए उज्जैन पहुंचेगी। गौरतलब है कि राहुल 20 साल में वे पांचवीं बार उज्जैन आ रहे हैं। अब तक तीन बार महाकाल मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। वे चौथी बार बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचेंगे। राहुल की उज्जैन यात्रा का चार बार एक जैसा संयोग बना है, जिसमें दो बार 5 और दो बार 29 तारीख का योग रहा।

**क्रिकेट : व्यवस्थित आयोजन के साथ सफलता का पर्याय बन चुका है** jasclaudius@gmail.com

# खेलों की दुनिया का बन रहा बादशाह

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

भारतीय उपमहाद्वीप में क्रिकेट आज खेल जगत का सबसे चर्चित खेल है। मीडिया चाहे प्रिंट हो या इलेक्ट्रॉनिक या डिजीटल सभी माध्यम में खेलों की दुनिया में क्रिकेट का जिक्र आता ही है। नेपाल में टी-20 ट्राई सीरीज 2024 नेपाल, नीदरलैंड्स और नामीबिया के बीच खेल जा रहा है जिसमें नामीबिया के बल्लेबाज जेन निकोल ने सबसे कम सिर्फ 33 गेंदों में टी-20 प्रारूप में शतक ठोंकने का विश्व कीर्तिमान भी स्थापित किया है। भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग 2024 जारी है जिसमें 6 टीम भाग ले रही है। पाकिस्तान में सुपर लीग 2024 खेला जा रहा है जिसमें 6 टीम हैं। श्रीलंका की पुरुष टीम बांग्लादेश के प्रवास पर है। आस्ट्रेलिया की पुरुष टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर है। क्रिकेट की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करवाने में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद इतनी उतावली है कि वह शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड में करवा रही है। याने क्रिकेट से जुड़े समस्त लोग हर हाल में क्रिकेट चाहते हैं कि भल ही न्यूट्रल प्लेस में ये मैच खेले जाएं परंतु टूर्नामेंट होना चाहिए। सबसे मजेदार तथ्य यह है कि क्रिकेट मैच देखने वाले दर्शकों की कमी मैदान में नहीं होती है। अब तो अत्याधुनिक तकनीक से खेल का प्रसारण हो रहा है। कभी भी घूमते हुए, खरीदारी करते हुए, सफर करते हुए सभी तरह से फेसबुक, यू-ट्यूब, टेलीविजन आदि के द्वारा आप इस जगत में कहीं भी खेली जा रही स्पर्धा को जीवंत देख सकते हैं। यह सब किस तरह संभव है? भारत में न तो खेल की कमी है ना ही खिलाड़ियों परंतु क्रिकेट सबसे लोकप्रिय है। इसके कई कारण हैं। क्रिकेट मुकाबलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करवाने के लिए स्टेडियम, आवास, परिवहन सबकी व्यवस्था है। प्रत्येक चैंपियनशिप की देखरेख करने की जिम्मेदारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद है। आईसीसी के द्वारा मान्यता प्राप्त देशों से पूरी जानकारी मंगा ली जाती है फिर एक साथ साल भर के टूर्नामेंट कराये जाने का टाइम टेबल बताया जाता है। क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने की कोशिश आईसीसी निरंतर करती है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बेसबाल, मुक्केबाजी तथा बास्केटबाल जितना लोकप्रिय है उतना कोई नहीं इसलिए 1 जून से 29 जून 2024 तक अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज में टी-20 विश्वकप क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। दूरदर्शिता, दृढ़ निश्चय और कठोर परिश्रम के द्वारा टेस्ट मैच के लिए मान्यता प्राप्त 12 देशों, एक दिवसीय मुकाबले के लिए 20 देशों साथ ही टी-20 में मान्यता प्राप्त 91 पुरुष टीमों को प्रत्येक वर्ष मैदान में उतरने का अवसर दिया जाता है। इसी तरह महिला वर्ग में एक दिवसीय की 13 मान्यता प्राप्त देशों जबकि टी-20 में 66 देशों की टीम को मैच खेलने का मौका दिया जाता है। क्रिकेट की लोकप्रियता से भले ही कुछ लोग आश्चर्य करते हैं कुछ लोग लुके-छिपे ईर्ष्या भी करते हैं लेकिन मानना पड़ेगा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के पदाधिकारियों को उन्होंने लगाव व ईमानदारी से मेहनत करके क्रिकेट को आज दुनियाभर में लोकप्रिय बनाया है। इस तरह का प्रयास अन्य खेलों की विश्व संघों को करना चाहिए। आगामी जुलाई-अगस्त में पेरिस में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल होने जा रहे हैं। सोचने की बात है हम कहां हैं? क्यों हैं?




## एक नजर

### फैक्ट्री में महिला की मौत,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 5 मार्च।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र की घटना फैक्ट्री में हुए हादसे में महिला की मौत मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामले में फैक्ट्री संचालक के खिलाफ धारा 304 ए, 287,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि लाइट इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सुनीता उद्योग खुर्सीपार में वर्ष 2023 में काम करते समय संगम चौक निवासी प्रेमिन ठाकुर मशीन के चपेट में आने से मौत हो गई घटना 10 अप्रैल 2023 की है उद्योग में प्रेमिन ठाकुर अपने साथ अन्य मजदूर सुनीता बंजारे, शिव कुमार साहू सुबह काम पर पहुंचे थे। ड्यूटी के दौरान वे सभी फैक्ट्री में साफ सफाई करने में लग गए शिव कुमार साहू फैक्ट्री के मशीन और स्वीच बोर्ड साफ कर रहा था। तभी शिव कुमार साहू से मशीन का स्वीच दब गया और मशीन चालू होने से प्रेमिन ठाकुर चपेट में आ गई। घटना में प्रेमिन के हाथ, सिर, चेहरे में चोट आई है। उपचार के 17 दिन बाद महिला की मौत हो गई। मौत के पहले प्रेमिन की गंभीरता को देखते हुए उसे डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर किया गया था महिला की मौत 27 अप्रैल को उपचार के समय हुई पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच में आए बयान के आधार पर करंजा भिलाई निवासी आरोपी शिव कुमार साहू और सुनीता उद्योग लाइट इंडस्ट्रियल के मालिक सिदार्थ सुरी पर जुर्म दर्ज किया गया है फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है

### ताला तोड़कर घर में चोरी

**भिलाई, 5 मार्च ।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी पार करने का मामला सामने आया शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है भिलाई -3 पुलिस ने बताया कि शिक्षित नगर वार्ड 24 बीएमवाई चरोदा निवासी त्रिलोक डेहरिया अपने परिवार के साथ यहां रहता था लेकिन पांच माह से यहां नहीं रहते थे अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात और नकदी 50 हजार रुपए चोरी कर लिया है। परिवार के लोग शादी में शामिल होने एमपी गए हुए थे त्रिलोक बालोद जिले में जनपद पंचायत गुंडरदेही में सब इंजीनियर पद पर कार्यरत हैं चोरी हुए सामानों की कीमत लाखों रुपए में आंकी जा रही है परिवार के वापस लौटने के बाद ही चोरी का आंकलन हो पाएगा अज्ञात चोर ने मकान के आलमारी से लेकर सारा सामान बिखेर दिया था आसपास में लगे सीसी कैमरों को पुलिस खंगालने में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भिलाई, 5 मार्च।** भिलाई ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है जीआरपी चौकी पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में रखा है और उसके वारिसानों की पतासाजी कर रही है जीआरपी चौकी के विजय पैकरा ने बताया कि ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन से पांच नंबर प्लेटफार्म के पास लगभग 35 वर्षीय युवक टकरा गया इससे उसका शरीर क्षत विक्षत हो गया मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस ने बताया कि मृतक के पास कोई ऐसा सामान नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके ।

### शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में 6 मार्च को महिला जागृति सम्मेलन

**रायपुर, 5 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में बुधवार 6 मार्च को शाम 4.00 बजे महिला जागृति आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। चर्चा का विषय होगा- महिला सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक परिवर्तन।समारोह की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीन एवँ और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आभा सिंह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा शामिल होंगी। समारोह को अपने आशीर्वचनों से क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी लाभान्वित करेंगी। मूल वक्तव्य रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी का होगा।समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागृति लाकर उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए सशक्त बनाना, महिलाओं के प्रति मानसिकता में परिवर्तन लाना, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन तंत्र एवं वाहनों को नारियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने के लिए जन-जन को प्रेरित करना, अश्लील साहित्य, सिनेमा, विज्ञापन आदि पर अंकुश हेतु सामाजिक जागृति लाना आदि है।

### खाद्य कारोबारियो के रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस के लिए 6 मार्च को कोमाखान में शिविर

**महासमुंद 5 मार्च ।** खाद एवं औषधि प्रशासन तथा अभिहित अधिकारी महासमुंद के मार्गदर्शन में खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी प्रदाय कर उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य शिविर का आयोजन किया गया।अभिहित अधिकारी श्री उमेश साहू ने बताया कि जिले में 05 मार्च को पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन सांकरा (जोक) में एवं 6 मार्च बुधवार को ग्राम पंचायत भवन (समरसता भवन) कोमाखान में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### बड़ेकरका में संपन्न हुआ अटामी परिवार का वार्षिक सम्मेलन

**गीदम 5 मार्च ।** गीदम ब्लॉक के ग्राम बड़ेकरका में अटामी परिवार का संभागस्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम हिरगुंडा तादो देव का पूजा एवम परिवार का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । उक्त कार्यक्रम में परिवार के दंतेवाड़ा बीजापुर एवं बस्तर जिले के अटामी के लोग उपस्थित हुए तथा परिवार के परंपरागत रीति रिवाज को बनाए रखते हुए शिक्षा से जोड़ने की बात कही कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा सम्मेलन में संभागीय अध्यक्ष प्रमोद अटामी , दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी , उपाध्यक्ष बोसाराम अटामी एवम अतिथि (सगा) परिवार से बुधराम वेट्टी , सुदराम भास्कर घासीराम तामो, अल्कु इस्ताम, लालू कुंजाम, सुकड़ा तामो, फगनू पदामी, अनिल पदामी, बुधराम इस्ताम, विष्णु पदामी, बालसिंग कोरसा गुड्डी लेकामी सहित अन्य लोग अतिथि के रूप में शिरकत किया तथा परिवार से सामनाथ अटामी, शैलेश अटामी, अनतराम अटामी, गुड्डीराम अटामी सहित अन्य गावो से आए परिवारजन मौजूद रहे

# सरस मेले ने समूह की दीदियां को लखपति बनाने का रास्ता दिखाया:जसबिंदर बग्गा



**कवर्धा,5 मार्च।** कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में आयेजित दस दिवसीय सरस मेला आगामी 6 मार्च तक चलेगा। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा यह दस दिवसीय सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है।सरस मेले के सातवे दिन के मुख्य अतिथि जसविंदर बग्गा ने संबोधित करते हुए कवर्धा के इतिहास में पहली बार दस दिवसीय सरस मेले के ऐतिहासिक और भव्य आयोजन के लिए पूरे कबीरधाम जिले की तरह से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति प्रगट किया है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित राष्ट्र-विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के संकल्पों को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ सरकार के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव के नेतृत्व में राज्य सरकार कदम बढ़ा दिया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने देश सहित हमारे छत्तीसगढ़ की महिला स्वसहायता समूहों को लखपति बनाने को भी अह्वान किया हैं। महिला स्व सहायता समूहों को उनके द्वारा उत्पाद समाग्रियों को कैसे समूचित बाजार उपलब्ध कराया जाए, इस दिशा में काम करने के लिए कहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सरस मेला का यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री मोदी के सपने को साकार करने की दिशा में भी सार्थक साबित होते दिखाई दे रही है। सरस मेला इस मंच का जीवंत उदाहरण भी है। इस मंच से देश के अलग अलग राज्यो सहित छत्तीसगढ़ की समूह की दीदियों को आर्थिक रूप से शसक्त और मजबूत बनाने एक सशसक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरस मेले में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में काम करने वाली महिला स्व सहायता समूह की दीदियों को आमंत्रित कर उन्हे एक मंच और बाजार उपलब्ध कराने का काम छत्तीसगढ़ की सरकार कर रही हैं, यह काम निःसंदेह ऐसी दीदियों को लखपति बनाने यह सरस मेला एक मार्ग दिखाया जा है। इस मेले में महिला स्व सहायता समूह सहित निजी क्षेत्रों में व्यापार करने वाले छोटे-बड़े सभी उद्यमियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसे सरस मेले में स्टॉल भी दिए गए है। सरस मेले में हर रोज शाम सात बजे से अर्धरात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन शहर के समाजसेवी,जनप्रनिधियों और प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकों को मुख्यअतिथि के तौर पर आंमंत्रित किया जा रहा है। यह भी अच्छी पहल हैं। सरल मेले में सभी उम्र के लोगों के मनोरंजन का भी ख्याल रखा गया हैं। सरस मेले में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति और रीति रिवाजों सहित छत्तीसगढ़ की प्रमुख व्यंजनों की ख्याति का दूर-दूर तक पहुंचाने और उन्हे सहेजने का काम भी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष कवर्धा जिले में होनी चाहिए।

सरस मेले के सातवें दिन के मुख्यअतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनधि श्री जसबिंदर बग्गा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सतविंदर पाहुजा, सविता ठाकुर, श्रीमती संतोषी जायसवाल, रविराजपुत, खिलेश्वर साहू, रधुनाथ योगी, पन्ना चन्द्रवंशी, जितेन्द्र दुबे, सुनिल दोशी, मोती बैगा, बलविंदर सिंह खनुजा, राजेन्द्र सलुजा सहित अन्य समाजसेवी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यअतिथि जसबिंदर बग्गा सहित अन्य अतिथियों ने सरस मेले के सातवें दिन के सांस्कृतिक आयोजन को दीप प्रज्जवलित कर विविधत शुभारंभ किया। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश राठौर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने अतिथियों को स्वागत एवं स्मृति चिंन्ह भेंट का अभिनंदन किया। मंच संचालन श्री अभिषेक पाडेय और श्रीमती मीरा देवागंन ने किया।

### लोकसभा चुनाव एक लाख से अधिक मतों से जीतेगी भाजपा:अशोक साहू



**कवर्धा,5 फरवरी।** जिला बीजेपी अध्यक्ष अशोक साहू ने आगामी लोकसभा चुनाव पर तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में सभी ग्यारह बीजेपी सांसद प्रत्याशी जीतेंगे और सांसद संतोष पाण्डेय एक लाख से अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को हराएंगे । कबीरधाम जिले में पीएम आवास की सौगात मिलने से परिवार में खुशी है और महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से महिलाए और युवा में खुशी की लहर है । कांग्रेस को लोग भ्रष्टाचार के रूप में याद करते है और लोगो ने तय कर लिया है की कांग्रेस की विदाई तय करनी है । बीजेपी के सभी कार्यकर्ता ने मन बना लिया है की भारत देश में बीजेपी के 400 से ज्यादा सांसद लाना है और तीसरी बार पीएम मोदी को बनाना है ।

स्वागत



### सांसद संतोष पांडेय का कवर्धा आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

**कवर्धा।** भाजपा द्वारा राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पांडेय को पुनः सांसद प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह व जश्न का माहौल है। प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात सोमवार को सांसद संतोष पांडेय का प्रथम कवर्धा आगमन हुआ। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर सांसद पांडेय का स्वागत किया। वहीं ठाकुर देव चौक में जिला भाजपा द्वारा सांसद पांडेय का जोरदार स्वागत किया गया। जमकर आतिशबाजी हुई। नगर के प्रमुख मार्ग में अभिनंदन रैली निकाली गई। इस दौरान जगह जगह सांसद पांडेय का लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद पांडेय ने ठाकुरदेव मंदिर, गुरुद्वारा, विंध्यवासिनी मंदिर व बुढ़ामहादेव मंदिर के दर्शन किए। भाजपा कार्यालय में रैली का समापन हुआ। यहां सांसद पांडेय ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बैठक की।

## महतारी वंदन योजना में 2 लाख से अधिक महिलाओं को भुगतान 7 मार्च

दुर्ग, 5 मार्च। राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना के तहत दुर्ग जिले में अब तक ग्रामीण लाभार्थी एक लाख 87 हजार 554 एवं शहरी लाभार्थी 2 लाख 17 हजार 765 कुल 4 लाख 5 हजार 319 महिलाओं ने आवेदन किया है, जिसे ऑनलाईन सत्यापन भी किया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराते हुए इन आवेदन पत्रों की ऑनलाईन एण्ट्री तथा सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में दुर्ग जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आवेदन पत्रों को प्राप्त करने से लेकर उनकी डाटा एण्ट्री एवं सत्यापन का कार्य व्यवस्थित रूप से सम्पादित किया गया है महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक उम्र वाली सभी विवाहित, तलाकशुदा, परित्यक्ता तथा विधवा महिलाओं को निर्धारित शर्तों के अधीन एक हजार रूपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता उनके बैंक खातों के माध्यम से प्रदान की जाएगी। महतारी वंदन योजना अंतर्गत डाटा एण्ट्री तथा ऑनलाईन सत्यापन का कार्य संपन्न होने के साथ-साथ महिलाओं द्वारा अपने आवेदन पत्र में बैंक खाते के संबंध में दी गई जानकारियों का मिलान भी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से राज्य स्तर द्वारा परीक्षण कराकर महिलाओं द्वारा दिये गये बैंक खाते की जानकारी में आधार सीडिंग का मिलान कराया गया है। सभी संबंधित हितग्राहियों से त्वरित रूप से बैंको के माध्यम से आधार सीडिंग अपडेट करने की अपील भी की गई थी ताकि निर्धारित तिथि को उनके आधार सीडिंग बैंक खातों में राशि का निर्बाध भुगतान हो सके। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु अनन्तिम सूची पर प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति का निराकरण कर, 26 से 29 फरवरी तक करते हुए 01 मार्च 2024 को अंतिम सूची का प्रकाशन तथा 2 मार्च 2024 को स्वीकृति जारी की गई। सभी पात्र महिलाओं को उनके बैंक खातों के माध्यम से 07 मार्च 2024 को राशि का हस्तांतरण किया जाएगा।

## जुआ-सट्टा अवैध शराब के खिलाफ लगातार चलेगा अभियान



**कवर्धा, 5 मार्च।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी एवम् थाना प्रभारी बोडला उमा राठौर के मार्गदर्शन में, चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान एवम् साइबर सेल प्रभारी अजयकांत के नेतृत्व में पोड़ी पुलिस एवम् साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम सूखा ताल एवं सूरजपुरा खार में जुआ खेलते हुए 5 आरोपी जिनका नाम भागीरथी लांझी पिता जगदीश राम लांझी उम्र 36 वर्ष ग्राम घोंघा थाना बोड़ला ,अरुण पटेल पिता रतन पटेल उम्र 24 वर्ष ग्राम जैंताटोला थाना बोडला,दुर्गेश कुमार साहू पिता संतोष कुमार साहू उम्र 26 वर्ष ग्राम मदनपुर थाना पिपरिया, भैया लाल पटेल पिता हृदय राम पटेल उम्र 34 वर्ष ग्राम नेयुरगांव कला थाना बोडला ,दुर्गेश यादव पिता विष्णु यादव उम्र 20 वर्ष ग्राम रवेली थाना पिपरिया को सुरजपुरा सुखाताल खार में हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिन पर संयुक्त टीम द्वारा रेड कार्रवाई की गई इस दौरान मौके से विकास उर्फ पप्पू वर्मा ग्राम सुखताल,धनीराम साहू ग्राम दशरंगपुर,ओमकार चौहान ग्राम सुखताल फरार हो गए रेड कार्यवाही कर उक्त आरोपियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश की गड्डी एवम् 44320 रूपए नगदी रकम , 05 नग मोटरसाइकिल 04 नग एंड्रॉएड मोबाइल फोन, कुल कीमती 4,80,320 रकम को जप्त किया जाकर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है ।



### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना फार्म के प्रति महिलाओ में दिख रहा है उत्साह

**कवर्धा, 5 फरवरी।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना फार्म के प्रति महिलाओ में दिख रहा है भारी उत्साह और महिलाए नगर पालिका पहुंचकर फार्म जमा कर रही है । श्रीमती सुखबाई टोंडे मिशन प्रबंधक नगर पालिका परिषद कवर्धा ने बताया की महिलाएं ज्यादा फार्म भर रही है । सीएमओ नरेश वर्मा लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे जिससे की अच्छे से फार्म भर सके ।

### धनेश्वर पटेल सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला दुर्ग के अध्यक्ष



**उतई, 5 मार्च।** पटेल समाज पाटन राज के ऊर्जावान धनेश्वर पटेल पाटन को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला दुर्ग के अध्यक्ष बनाये जाने पर पटेल समाज पाटन राज के तरफ से हार्दिक बधाई अध्यक्ष-पटेल समाज पाटन राज लक्ष्मी नरायण पटेल एवं समाज के लोगों ने दी।

# कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की बारी-बारी से की समीक्षा

**धमतरी 5 मार्च ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर लंबित पत्रों की विभागवार बारी-बारी से समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी 7 मार्च को महतारी वंदन योजना के तहत जिला मुख्यालय सहित विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने की वजह से विभाग द्वारा जिला कार्यालयों को बजट आबंटित किये जा रहे हैं। अधिकारी ध्यान रखें कि प्राप्त बजट का उपयोग समय पर करें, किसी भी स्थिति में बजट लेप्स ना हो। उन्होंने कहा कि राशि आहरित नहीं करने वाले अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने जिले के राजस्व भूमि का सर्वेक्षण कर वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने जिले के 130 कमार बसाहटों में रोजगारमूलक कार्य संचालित करने के लिये बांस एवं फलदार पौधों की रोपणी तैयार करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उक्त बसाहटों में सामुदायिक पोषण वाटिका, नाला ट्रीटमेंट, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने साफ तौर पर निर्देशित किया है कि कमार हितग्राहियों विश्वकर्मा योजना से जोड़ें तथा उनके कार्यों के अनुरूप उन्हें टूल-किट प्रदाय करें। साथ ही कमार परिवारों को श्रम विभाग की पंजीयन के तहत बंसोड़ में शामिल किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ियों की रसोई को धुआंमुक्त करने के लिये गैस कनेक्शन प्रदाय किये गये हैं, अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि सिलेण्डर का नियमित रीफलिंग होते रहे। उन्होंने अधिकारियों निर्देशित किया कि गर्मी का मौसम आ है, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी में पंखा, कूलर आदि की मरम्मत सुनिश्चित की जाये। जिले के ऐसे क्षेत्र जहां पानी की किल्लत होती है, वहां पेयजल की सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती शमा फारूखी, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, नगरनिगम आयुक्त श्री विनय पोयाम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

**धमतरी 5 मार्च ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

आज जनदर्शन में डबरी निर्माण, भूमि विवाद, मानदेय दिलाने, उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, भूमि का रकबा एवं नाम सुधारने, सोलर प्लेट लगाने, न्याय योजना का लाभ दिलाने, दिव्यांग, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन प्रदाय करने, वेतन भुगतान कराने, शौचालय मरम्मत कराने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने इत्यादि संबंधी कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए।

### कलेक्टर की पहल पर निजी कंपनियों ने 55 आंगनबाड़ियों को गैस कनेक्शन किया दान

**धमतरी, 5 मार्च।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अपील के मद्देनजर निजी कम्पनियों द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए जिले की 55 आंगनबाड़ियों को धुआंमुक्त बनाने गैस कनेक्शन दान किया गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने उक्त गैस कनेक्शन को आंगनबाड़ियों में वितरित करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का को सौंपा।

गौरतलब है कि शालीमार कॉर्प लिमिटेड (लाइजनिंग), जी.के.सी. प्रोजेक्ट लिमिटेड, मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, एम.सी.पी.एल. एमसीसी और चेवरॉक्स कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त गैस कनेक्शन का दान किया गया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने गैस कनेक्शन दान करने पर संबंधित कंपनियों के संचालकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## श्री रामलला दर्शन योजना: जिले के 142 श्रद्धालु अयोध्या धाम वाना

महासमुंद 5 मार्च । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय श्री रामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन को 5 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवम वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री श्री राम विचार नेताम, श्री दयाल दास बघेल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय श्री रामलला दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को मंगलवार सुबह 10.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 07 से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी 05 जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा। महासमुंद जिले में कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आज अपने अपने विकासखंड से यात्रियों को रवाना किया। जिला पंचायत सीईओ श्री एस आलोक ने बताया कि महासमुंद जिले के 137 श्रद्धालु और उनके साथ 5 अनुरक्षक रायपुर रेलवे स्टेशन के लिए आज सुबह से रवाना हो गए हैं। श्रद्धालुओं में राम लला के दर्शन हेतु गजब का उत्साह है। महासमुंद विकासखंड से 29, बागबाहरा से 42,बसना से 29, सरायपाली से 30, पिथोरा से 07 और 5 एस्कार्ट रवाना हुए हैगौरतलब है कि 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा सकेंगे। इस विशेष ट्रेन का संचालन 5 मार्च से प्रारंभ हो रहा है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बड़ी तेजी से मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच की गई है और जिलेवार निर्धारित कोटे के अनुसार यात्रियों की सूची तैयार की गई है। सूची आईआरसीटीसी और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नोडल एजेंसी को भेजी गई। प्रत्येक जिले से 40 यात्रियों पर एक अनुरक्षक भी भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार आने वाले समय में अयोध्या के साथ-साथ इस ट्रेन के माध्यम से काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन और प्रयागराज तीर्थ भ्रमण की व्यवस्था भी की जाएगी।

# भव्य राजिम कुंभ से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 5 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। राजिम कुंभ की शुरूआत डॉ. रमन सिंह की मुख्यमंत्रित्व काल में हुई थी। पिछले पांच वर्षों की इसका स्वरूप कुछ बिगड़ गया था। इस वर्ष कुंभ का आयोजन 10 गुना भव्यता के साथ हो रहा है। राजिम कुंभ के फिर से भव्य आयोजन से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है और राजिम कुंभ का वैभव एक बार फिर लौटा है। उन्होंने कहा कि कुंभ में शामिल होने आए साधु-संतों के आशीर्वाद से राज्य में सुख-समृद्धि और खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर भरोसा किया हम उसे पूरा करने के लिए लगातार फैसले ले रहे हैं। किसानों को बहुत जल्द धान बिक्री की अंतर की राशि मिलेगी। महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। पात्र विवाहित महिलाएं आगे भी फार्म भरकर महतारी वंदन योजना का लाभ ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के गारंटी के अनुरूप में अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कराने के लिए हमनें श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की है, जिसमें हर वर्ष हजारों लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा। 5 मार्च को रायपुर से इस योजना की पहल ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राजिम कुंभ मेले की वेबसाइट लांच की और राजिम कुंभ पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में भगवान राजीव लोचन पर आधारित लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन किया गया। हमने कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस के रूप में 3716 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित कर दी गई है। 24 लाख 72 हजार किसानों को धान बिक्री की अंतर की राशि के रूप में 13 हजार करोड़ रूपए देंगे। धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजिम कुंभ के भव्य आयोजन के साथ-साथ इस साल का कुंभ रामोत्सव राजिम कुंभ के नाम से आयोजित करने की अनुमति दी है। साधु-संतों के आगमन और आशीर्वाद से कुंभ सफल होता है। मातृशोक के कारण मेरा शरीर मंच पर नहीं है, पर मेरी आत्मा एक महीने से यहीं है। पिछले 20 सालों में सबसे भव्य कुंभ इस बार हो रहा है। राजिम कुंभ तब तक पूरा नहीं होता जब तक साधु संत नहीं आते साधु संतों की अमृतवाणी से ही यह राजिम कुंभ कल्प सफल होता है।

## एक नजर

### निगम में अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा राजस्व कार्यालय

**राजनांदगांव 4 मार्च।** वित्तय वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में टाउन हाल सभागृह में राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व कार्यालय में राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेगे। जहॉ करो की वसूली की जावेगी,कर का भुगतान समय सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जावेंगी। साथ ही बडे बकायदारों का नल विच्छेदन व कुर्की की कार्यवाही की जावेगी तथा बकाया दुकानदारों की दुकाने सील की जायेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुये कार्यालय एवं घर घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर,जलकर एवं दुकान किराया की वसूली करना सुनिश्चित करे। निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के टाउन हाल सभागृह राजस्व विभाग में चालू रखे, ताकि करदाता अपने बकाया करों का भुगतान कर सके। उन्होंने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया कर, संपत्तिकर,जलकर समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर अधिभार एवं आर्थिक भार से बचे।

### असामाजिक तत्वों, जुआरियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई जारी




**राजनांदगांव 5 मार्च।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों एवं जुआरियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 03.03.2024 को रात्रि में मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव के सयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल नया बस स्टैण्ड के पास स्थित मोती तालाब के पास घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर 01. दिनेश यादव पिता राम छबिलाल यादव उम्र 31 वर्ष साकिन मोती तालाब पारा गुरूनानक चौक बैला पसरा राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) 02. गेंदलाल साहू पिता गोपाल राम साहू उम्र 30 वर्ष साकिन बरगाही वार्ड नं. 12 थाना लालबाग राजनांदगॉव (छ0ग0) 03. सूरज सिन्हा पिता घनश्याम सिन्हा उम्र 24 वर्ष साकिन संतोषी नगर मुरूम खदान लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) 04. अभय पिता गणेश प्रसाद उम्र 40 वर्ष साकिन सोसायटी गली बल्देवबाग राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगॉव (छ0ग0) बताये जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश व नगदी रकम 54,530 रूपये 03 नग मोबाईल दो मोटर सायकल जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध सबुत पाये जाने से अप0 क्र0 150/24 धारा छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) कायम किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं जुआरियो के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेंद्र वर्मा साइबर सेल, प्र0आर0 जी0 सिरिल, दीपक जायसवाल, अरूण कौमार्य आरक्षक अविनाश झा, विष्णु साहू, लिलेन्द्र पटेल एवं सायबर सेल राजनांदगॉव स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### एमजी मोटर इंडिया ने लांच किए न्यू हेक्टर वैरिएंट्स शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो

**रायपुर, 5 मार्च।** एमजी मोटर इंडिया ने भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी - एमजी हेक्टर के दो नए वैरिएंट लांच करने की घोषणा की है। शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो नाम के नए वैरिएंट्स में सुरक्षा और ड्राइविंग सुविधा के साथ-साथ कई नए फीचर्स और सहज तकनीक शामिल हैं। सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ पेशकश और अद्वितीय डिजाइन तत्वों के साथ मानकीकृत/स्टैंडर्डराइज्ड बोल्ड-स्ट्राइकिंग एक्सटीरियर और इंटीरियर के साथ, एमजी हेक्टर अब 13.99* लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर शुरू होती है। अपने डुअल पैन पैनोरमिक सनरूफ* जैसी सर्वश्रेष्ठ पेशकशों के साथ एमजी हेक्टर एसयूवी उत्साही लोगों के लिए एक बेहतरीन मूल्य प्रस्ताव है, जो अपने वाहनों में प्रौद्योगिकी और शीर्ष प्रदर्शन पसंद करते हैं। दोनों नए वैरिएंट शाइन प्रो और सेलेक्ट प्रो भारत के सबसे बड़े 14-इंच एचडी पोर्ट्रेट इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो और एक वायरलेस फोन चार्जर के साथ एक बेहतर इन-कार इंफोटेनमेंट अनुभव प्रदान करते हैं।

### विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा 10 मार्च तक

**राजनांदगांव 5 मार्च ।** सीआरसी राजनांदगांव एवं एनपीपीसीडी कार्यक्रम जिला चिकित्सालय राजनांदगांव द्वारा विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा के तहत 3 से 10 मार्च 2024 तक जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आकलन शिविर व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली में श्रवण बाधित, सुनने में होने वाली समस्या की रोकथाम एवं निदान के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। जरूरतमंदों को एडिप व एलिम्को योजना तहत निःशुल्क कान का मशीन व श्रवण यंत्र एवं मानसिक दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क टीएलएम किट का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़, सीएस डॉ. यूएस चन्द्रवंशी, एमएस ईएनटी नोडल ऑफिसर एनपीपीसीडी प्रोग्राम डॉ. बीएल तुलावी, निदेशक सीआरसी राजनांदगांव श्रीमती स्मिता महोबिया, श्री पुनीत साहू, श्री नीरज, भूमिका, श्री विक्रम एलिम्को, श्री गजेन्द्र कुमार साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, पालक एवं विशेष आवासीय आस्था स्कूल के विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# दारू के विवाद में युवक पर किया जानलेवा हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/मोहारा 5 मार्च।** दारू को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि शराब बेचने वालों ने प्रार्थी को मोहारा चौकी अंतर्गत क्षेत्र करेला खार के पास रोककर हमला कर दिया जिससे प्रार्थी को गंभीर चोट आ गई। मामले में प्रार्थी ने बताया कि वो शराब पीने इनके ढाबे जाया करता था व शराब को लेकर इनसे विवाद हुआ था जिसकी रंजिश के चलते मुझे करेला खार पर रास्ता रोककर जानलेवा हमला किया गया है जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज की गई है।

मोहारा चौकी पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया है कि पुलिस उच्च अधिकारियो के दिशा निर्देशन में उपरोक्त मामले में आहत का कथन लेकर तत्काल गिरफ्तार करने के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये थे। घटना दिन 28 फरवरी को आहत राजेन्द्र वर्मा एवं आरोपी उपकार सिंह के मध्य मामूली बात को लेकर वाद विवाद पाल ढाबा में हुआ था, उसी रंजीश पर से बदला लेने के लिए 02 मार्च 2024 को आरोपीगण एक राय होकर आहत राजेन्द्र वर्मा को करेला खार रोड में रास्ता रोककर



प्राणघातक हमला कर गंभीर चोंट पहुँचाया था, घटना बाद से आरोपीगण फरार हो गये थे जिन्हे मुखबीर सूचना पर आरोपी 1. उपकार सिंह भाटिया उर्फ बाबी पिता अमरजीत सिंह भाटिया उम्र 55 साल 2. इंद्रवीर सिंह उर्फ नीटू भाटिया पिता अमरजीत सिंह उम्र 53 साल 3. ऋषि उर्फ तरणजीत सिंह भाटिया पिता उपकार सिंह भाटिया उम्र 29 साल सभी निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 15 राजेन्द्र नगर वार्ड डोंगरगढ़ को पकड़कर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो अपने अपने कथन में जुर्म स्वीकार करने पर आरोपीगणों को दिनांक 04.03.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया जिन्हे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

अवैध शराब की बिक्री को लेकर कांग्रेस व भाजपा नेताओं विधानसभा में बहस और एक दूसरे की पार्टी पर आरोप प्रत्यारोप लगाने के बाद भी धड़ल्ले से बिक्री जारी है जो यक्ष सवाल बना खड़ा है ? लोगों की माने तो इस कार्य में सभी की मिलीभगत नजर आती है तभी तो चुनाव के समय वोट लेने के लिए शराबबंदी पर गंगा जल की कसमें खा वादा तोड़ जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया जाता है। बताया जाता है कि आम आदमियों को शराब दुकान में बोतल नहीं दी जाती वही कोचिंयो को कमीशन लेकर बोतल दी जाती है जिसे देखने से लगता है कि शासन प्रशासन से संचालित शराब दुकान में नेता अभिनेता पुलिस आबकारी पत्रकार सभी की मिली भगत से धर्मनगरी में शराब की गंगा बहाई जा रही है।

# राज्य कर अधिकारी को दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 मार्च।** कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर राजनांदगांव में पदस्थ श्रीराम तारम राज्य कर अधिकारी को सेवा अवधि पूर्ण होने पर भावभिनी विदाई दिया गया, श्रीराम तारम, का प्रथम नियुक्ति 23 जून 1981 में सहायक ग्रेड 3 में राजनांदगांव के सहायक आयुक्त कार्यालय में हुआ था, तत्पश्चा प्रथम प्रमोशन 2004 में सहायक ग्रेड 2 में हुआ उसके पश्चात 2013 में विभागीय परीक्षा के आधार पर राज्य कर निरीक्षक के पद पर पदस्थ हुए, एवं दिसंबर 2021 में राज्य का अधिकारी के पद पर प्रमोशन हुआ। श्रीराम तारम इस बीच 42 साल 6 माह तक शासकीय कार्य में अपनी सेवा प्रदान करते रहें, कार्यक्रम की शुरुआत 29 फरवरी को कार्यालय राज्य कर आयुक्त राजनांदगांव में कविता ठाकुर सहायक आयुक्त, पंकज श्रीरंगे, मुकेश छाबिंद्र, राज्य कर अधिकारी, नीतीश पवार, सतीश मेश्राम, आशीष सोनी, हुशैन, राज्य कर निरीक्षक, चंद्राकर ध्रुव मुख्य लिपिक, एच के मारकंडे,अविनाश साहू, सहायक ग्रेड 2, दिनेश ठाकुर, लेखापाल, संतोष खड़गे ओंकार शर्मा, संतोष साहू, भावना ढारगावे, आरिका ,प्रियंका, प्रज्ञा, एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सर्वप्रथम तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया गया तत्पश्चात कविता ठाकुर सहायक आयुक्त द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए, सेवानिवृत टी विदाई सम्मान प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए कर्म कौशल एवं व्यवहार की सराहना करते हुए इनके दीर्घायु, एवीएन आरोग्य जीवन की कुशल कामना करते हुऐ बधाई दी है,



# महिला को आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाला गिरफ़्तार

**राजनांदगांव 5 मार्च।** थाना डोंगरगांव ड्ड दिनांक 04.03.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे मर्ग क्र0 98/22 धारा-174 जा0फौ0 की मर्ग डायरी के जांच क्रम मे पंचानो व गवाहों का कथन लिया गया है एवं मृतिका के पास से मिले सुसाईडल नोट का परीक्षण त्त्क्ष्ठ शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से कराया गया है , विशेषज्ञ के द्वारा सुसाईडल नोट को मृतिका के ही हस्तलिखित होना लेख किया गया है , मृतिका ने अपने सुसाईडल नोट मे कोमेश राणा निवासी ग्राम बननवागांव के द्वारा ईज्जत के साथ खिलवाड करना के संबंध मे लेख किया गया है , मृतिका का शव का पीएम एवं



गवाहों तथा पंचाणों का कथन किया गया है , जांच पर आरोपी कोमेश राणा के द्वारा मृतिका को प्रेम प्रसंग मे फसाकर बाद मे उसे निराश करके आत्महत्या करने पर विवश करना पाया गया है , जो कृत्य अपराध धारा- 306 भादवि का घटित होना पाया गया । आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आज दिनांक 04.03.2024 के 12.10 बजे गिर0 किया गया है । आरोपी के ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है ।

# नगर निगम जनदर्शन में 9 आवेदन मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 4 मार्च।** नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को प्रात 11:00 बजे से 1:00 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में इस सोमवार प्रातः 10:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जनदर्शन 09 आवेदन प्राप्त हुये।

नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री अग्रवाल के आदेशानुसार एवं आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर इस सोमवार नगर निगम



के सभागृह में प्रातः 10.:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन लगाया गया। जनदर्शन में 09 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें राशन कार्ड के 1, स्थापना संबंधी 1, पेयजल संबंधी 1, भवन नजूल के 1, अतिक्रमण के 2 एवं लोककर्म के 3 इस प्रकार कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

जनदर्शदन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। जनदर्शन में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उनके समस्या का निराकरण होने के साथ साथ उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनदर्शन में सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, लेखापाल श्री पंकज साहू, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रीष्म ऋतु में पेयजल के लिए आवश्यक व्यवस्था के दिये निर्देश

# महापौर ने किया मोहारा जल संयंत्र गृह का आकास्मिक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 4 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख आज मोहारा जल संयंत्र गृह का आकास्मिक दौरा किया और दो दिनों तक कम पानी आने के कारण की जानकारी लेकर एवं पी.पी.एम., सी.एफ.एल., फिल्टर बेड व पंप हाउस का निरीक्षण कर क्लोरिंन की मात्रा,एलम की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्रीमती देशमुख जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, पूर्व पार्षद श्री अवधेश प्रजापति पार्षद प्रतिनिधि श्री आशिफ अली के साथ मोहारा जल संयंत्र गृह का निरीक्षण कर दो दिनों तक कम पानी आने के कारण की जानकारी लेकर कहा कि विद्युत खराबी के कारण पेयजल प्रभावित हुयी है, लेकिन अन्य किसी प्रकार की खराबी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे, इसके



लिये सभी मशीनरी दुरूस्त किया जावे। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से पंप हाउस, क्लोरिंन एवं एलम की उपलब्धता की जानकारी ली तथा जल संयंत्र गृह मोहारा के रॉ-वाटर एवं क्लीयर वाटर क्लोरिन गैस की जानकारी लेकर क्लोरिन की मात्रा सुनिश्चित करने, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने जल संयंत्र गृह के अधिकारी/कर्मचारी को निर्देश दिये।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अमृत मिशन के अधिकारियों से भी कहा कि प्लांट में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखे और आपके लोग प्लांट की सत्त मानिटरिंग करे। निरीक्षण उपरांत रॉ-वाटर एवं क्लीयर वाटर का सतत् परीक्षण करने एवं आगामी ग्रीष्मकाल में शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्धारित समय पर आम नागरिकों को उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में सतत पेयजल आपूर्ति में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये और इसके लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर, अमृत मिशन के श्री राजेश पवार एवं शिफ्ट के कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### वीरेंद्र सोनी महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मनोनीत

**डोंगरगढ़ 5 मार्च।** 2 मार्च को इंदिरा नगर डोंगरगढ़ में महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य मुददा पदाधिकारियों का चयन संबधी चर्चा की गई व समाज के पदाधिकारियो सहित सदस्यों ने एक राय हो सर्व सहमति से विरेन्द्र सोनी (मारोति) को महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष पद पर पदासीन किया गया। इसी कड़ी में उपाध्यक्ष नरेश बहेकर, कोषाध्यक्ष,सुरेश बहेकर, सचिव मुकेश हाड़गे, सह सचिव नितिन बहेकर अधिवक्ता (विधि सलाहकार), एवं



कार्यकारिणी सदस्य में श्री अशोक काड़बाधे, श्री कुंवरलाल कारेमोरे, प्रणय तांबेकर, इंद्रकुमार काड़बांधे, दीपक सोनी एवं मनोज हाड़गे एवं राहूल सोनी, धनेन्द्र बहेकर, का गठन किया गया। तथा इसी कड़ी में सरंक्षण श्रेणी का भी चयन किया गया। जिसमें शरद सेरेकर, सुदर्शन मस्के, वेंकटराव बहेकर, रमेश बहेकर, नितिन ढ़ोमने, महेश सोनी उपस्थित रहें।इसके पश्चात् महाराष्ट्रीय स्वर्णकार समाज द्वारा महिला संगठन का भी चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा ढ़ोमने, उपाध्यक्ष ममता बहेकर, रीता हाड़गे, कोषाध्यक्ष नीलिमा मस्के, सचिव चन्द्रकांता बहेकर, सह सचिव रक्षा तांबेकर, किरण कारेमोरे, एवं महिला कार्यकारिणी सदस्यों में सुषमा ढोमने, मीना बहेकर, संगीता काड़बांधे, अनिता काड़बांधे, अनुजा बहेकर, सरिता काड़बांधे, अनुसूईया बहेकर,कविता मस्के, भूमि मस्के, माधुरी मस्के, सुनीता मस्के, सुजाता मस्के,आशा मस्के, कु. पूजा बहेकर, तुषार ढोमणे, अनामिका बहेकर कु. अदिति ढ़ोमने एवं कुमारी पल्लवी बहेकर, कुमारी प्रेरणा बहेकर, स्वेता काड़बांधे, कार्तिक काड़बांधे, विवेक काड़बांधे, कुमारी डिम्पल कांडबांधे तथा इसी कड़ी में महिला संरक्षक सदस्यों में श्रीमती यशोदा कारेमोरे, संध्या बहेकर, शोभा मस्के, श्रीमती सुनंदा हाड़गे, उर्मिला बहेकर एवं सीमा शेरेकर उपस्थित रहें । इस अवसर पर सामाजिक लोगों ने वीरेंद्र सोनी (मारोति) को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए समस्त महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के उत्थान हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### कांग्रेस से भूपेश बघेल लड़े या कोई और भाजपा की जीत सुनिश्चित है:जैनम बैद

**राजनांदगांव 5 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राजनांदगांव लोकसभा से संतोष पांडेय



जी को टिकट देने की दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद ने सराहना की है । जारी प्रेस नोट में जैनम बैद ने कहा कि कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम सामने आ रहा है लेकिन भाजपा के खिलाफ चाहे भूपेश बघेल चुनाव लड़ें चाहे कोई और हर हाल में भाजपा की जीत सुनिश्चित है । जैनम बैद ने कहा कि मोदी की गारंटी और सांसद संतोष पांडेय जी द्वारा किये गए विकास पर जनता मुहर लगाएगी और एक बार फिर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराएगा। जैनम बैद ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 242 करोड़ के 38 सड़कों की स्वीकृति मिली है। प्रसाद योजना के तहत् पूरे देश मे चिन्हित 51 स्थानो में से छ.ग. से एक मात्र मां बम्लेश्वरी मंदिर का चयन किया गया है। जिसके लिए 43 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। केन्द्र द्वारा राजनांदगाँव जिले को आकांक्षी जिला में शामिल कर दूरस्थ व वनांचल के लगभग 400 ग्रामों में जिले के 1500 स्थानों पर सोलर लाइट हेतु 3.50 करोड़ की स्वीकृति मिली है। जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही साथ विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र में भी आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए हैं। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के राजनांदगाँव सेंटर को अपग्रेड करने हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण व खेल मंत्री जी द्वारा 63 लाख रु. की स्वीकृति प्राप्त की गई है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में साई के पृथक से बालक-बालिकाओं के 100 बेड हास्टल, खेलो इंडिया की बास्केटबाल अकादमी स्वीकृत हो गई है । इसके अलावा ऐसे सैकड़ों विकास कार्य हैं जो आम जनता के सामने है और उनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है । जैनम बैद ने कहा कि इस बार भी राजनांदगांव लोकसभा की जीत के साथ ही भाजपा पूरी की पूरी सीट जीत कर केंद्र में भाजपा सरकार स्थापित करने में अपना अहम् योगदान देगी ।

### धार्मिक आयोजनों से आने वाली पीढ़ी भी संस्कारवान होगी: कुलबीर

**राजनांदगांव 5 मार्च।** छग डडसेना (सिन्हा) कलार समाज ग्रामीण मंडल ग्राम भंवरमरा द्वारा 03 मार्च रविवार को सिन्हा समाज के भवन लोकार्पण एवं माता बहादुर कलारीन की जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए।



जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष मानसिंह सिन्हा ने बताया कि डडेसना (सिन्हा) कलार समाज ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम भंवरमरा में सिन्हा समाज के सामाजिक भवन व माता बहादुर कलारीन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मंचस्थ अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जिला किसान महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव शामिल हुए। आयोजन से पूर्व सुबह ग्राम में भगवान शहस्त्रबाहु जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए वापस आयोजन स्थल पर पहुंची। यहां पर माता बहादुर कलारीन की आरती उतारी गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया। समारोह में पहुंचे शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सिन्हा समाज को माता बहादुर कलारीन की जयंती व समाजिक भवन की बधाई देते हुए कहा कि सिन्हा समाज एक व्यवस्था पर निरंतर आगे बढ़ने वाला समाज है। सामाजिक भवन बनने से समाज को एक स्थल मिल जाता है जहां से सामाजिक गतिविधियां संचालित करने में आसानी होती है। इसी तरह समाज के गरीब एवं मध्यम वर्ग परिवार जिन्हें शादी या अन्य आयोजनों के लिए किराए के भवन लेना पड़ता है जिसके कारण उनका आर्थिक बोझ बढ़ जाता है उन सभी से राहत मिल जाती है।

संपादकीय

# प्रत्याशी घोषित करने में भाजपा ने बाजी मारी

राजनीति में जो निरंतर योजना बनाकर तैयारी करता रहता है,वह अक्सर फायदे में रहता है। क्योंकि उसे मालूम रहता है कि कब क्या करना है, कैसे करना है। इससे उसका हर काम समय पर होता है और गलती होने की संभावना कम रहती है। हर बात के लिए सोचने का पर्याप्त समय होता है, कहीं कोई चूक भी होती है तो इतना समय रहता है कि उसे समय रहते सुधार लिया जाए।वर्तमान की राजनीति में पीएम मोदी ऐसे ही नेता है जो समय के पहले योजना बना लेते हैं और समय पर योजना पर अमल भी कर लेते हैं।यही वजह है कि पिछले दस साल से भाजपा हर मामले में कांग्रेस व विपक्ष से आगे रहती है। हर काम उनसे पहले कर लेती है। भाजपा सहित सभी दल जानते हैं कि अगले कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो सकती है। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि कौन सा प्रत्याशी किस क्षेत्र से चुनाव लड़ेगा इसका फैसला चुनाव के पहले कर लिया जाए। कांग्रेस व विपक्ष अब तक ऐसा नहीं कर पाए हैं और भाजपा ने फिर इस मामले में बाजी मार ली है। उसने एक दिन रातभर बैठक कर 195 सीटों के प्रत्याशियों का फैसला किया और उसके 48 घंटे के अंदर अपनी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी भी कर दी है। इसमें ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी जिनके जीत की संभावना ज्यााद है। इसमें 34 केंद्रीय मंत्रियों,28 महिलाओं,47 प्रत्याशी 50 साल से कम आयु के हैं,57 ओबीसी हैं,27 एससी हैं और सूची में एसटी का भा ख्याल रखा गया है। इस बार एक मुस्लिम प्रत्याशी को भी भाजपा ने केरल से मौका दिया है। भाजपा ने हर बार की तरह इस बार भी 46 सांसदों की टिकट काट दी है। यानी उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया। उनकी जगह नए लोगों को मौका दिया गया है। जहां जहां भी जीत की संभावना ज्यादा है, वहां के प्रत्याशियों की सूची पहले जारी कर दी गई है जहां दूसरें दलों के साथ तालमेल होना है, वहीं के प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किए गए हैं जैसे बिहार, महाराष्ट्र,तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश,पंजाब आदि हैं। भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की घोषणा कर कांग्रेस से कई राज्यो में बढ़त ले ली है। इससे भाजपा के प्रत्याशियों को फायदा यह होगा कि वह पहले चुनाव प्रचार शुरू कर देंगे और जनता से ज्यादा संपर्क कर सकेंगे। इसका जनता पर मनोवैज्ञानिक असर भी पड़ता है। जनता के पास जो पहले जाता है, जनता सोचती है कि यह हमारे पास पहले आया है, इसलिए इसी को चुनना चाहिए। कहावत है कि फर्स्ट इंप्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों को पहले प्रभाव डालने का मौका दे दिया है। इसके बाद पीएम मोदी तो हैं ही जनता से भाजपा के प्रत्याशियों को वोट दिलाने के लिए। इस बार चुनाव भी तो पीएम मोदी के नाम पर ही लड़ा जाएगा यानी पिछली बार की तरह पीएम मोदी जनता से यही कहेंगे की आपका का हर वोट मोदी को जाएगा। आफ भाजपा प्रत्याशी नहीं मुझे वोट कर रहे हैं।देश में पीएम मोदी की योजनाओं का एक बड़ा लाभार्थी वर्ग जो पिछले दस साल से पीएम मोदी के नाम पर वोट देता है। माना जाता है कि यह मोदी का ऐसा वोट बैंक जो हमेशा पीएम मोदी के साथ रहता है। पीएम मोदी को ही वोट देता है। देश में दूसरा कोई ऐसा नेता नहीं है जिसका इतना बड़ा लाभार्थी वोट बैंक हो। इसका राजनीतिक फायदा पीएम मोदी को मिलता रहा है तथा इस चुनाव में भी मिलने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। इनमें दो सांसदों को ही फिर से मौका दिया गया है तथा शेष 9 सीटों पर नए लोगों को मौका दिया गया है। इनमें रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल को मौका देना चौंकाने वाला है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि रायपुर में उनको मौका दिया जाएगा लेकिन उनको मौका इसलिए दिया गया है कि वह सौ प्रतिशत रायुपर की सीट से भाजपा को जिता सकते हैं। पहली सूची में बृजमोहन अग्रवाल के अलावा जांजगीर व बस्तर से भाजपा ने दो पूर्व सरपंच कमलेश जांगडे व महेश कश्यप को सांसद का टिकट देकर संदेश दिया है कि काम करने वालों को भाजपा जरूर महत्व देती है। भले ही वह सरपंच स्तर का नेता क्यों न हो। इसी तरह राजनांदगांव से संतोष पांडेय को उनके अच्छे परफारमेंस के कारण तो विजय बघेल को दिए गए वचन के कारण फिर से मौका दिया गया है। चिंतामणि महाराज इसी शर्त पर भाजपा में आए थे कि उन्हें लोकसभा में मौका दिया जाएगा, इसलिए चिंतमणि महाराज को मौका दिया गया है। कुल मिलाकर भाजपा पहले प्रत्याशी घोषित कर जो बढ़त ले ली है, उससे उसे फायदा ही होगा।

गंभीर मुद्दा

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# गलत खानपान से घातक बीमारियों और असमय मृत्यु में बेतहाशा वृद्धि



देश में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारियां और असामयिक मौत की वृद्धि ने चिंताजनक आंकड़े छू लिए हैं। आजकल की आधुनिक जीवनशैली, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और चटोरी जबान ने हमारे जीवन में बहुत बदलाव ला दिये है, हर कोई स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते हैं, स्वास्थ्य के हिसाब से नहीं, जिसका सीधा असर हमारे सेहत पर दिखता है, अब तो किसी भी उम्र में कोई भी स्वास्थ्य समस्या किसे भी होती हैं। लोगों की बढ़ती मांग अनुसार, अब हर तरफ फास्ट-फूड, स्ट्रीटफूड, तेल मैदा मसाले मीठे नमकीन व्यंजन तेजी से समृद्ध हो रहे हैं, जबकि ये खाद्य पदार्थ निम्न गुणवत्ता, खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापा को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। भारतीय त्योहार, समारोह और मंगल कार्यों में भी ऐसी ही व्यंजन की भरमार बढ़ रही हैं। वैसे ही खाद्य पदार्थों में हानिकारक रसायन का प्रयोग, मिलावटखोरी और अस्वच्छता बड़े पैमाने पर दिखती है, ऊपर से निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ में सिर्फ स्वाद देखा जाता है, जिसमें उच्च कैलोरी होती है। बहुत से लोग खाना खाते समय यह भी नहीं सोचते कि वे कितनी कैलोरी ले रहे हैं। पेट जब तक पूरी तरह भर ना जाए, तब तक खाते हैं, साथ ही हमारे यहां मेहमाननवाजी के नाम पर जो खिलाने-पिलाने की खातिरदारी होती है, वह भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। जितनी कैलोरी लेते हैं, अगर उतनी खर्च नहीं हुई तो वह शरीर में जमा होकर अतिरिक्त कैलोरी मोटापे का रूप लेती है। पाचन में भारी, थकावट, भारीपन, आलस्य महसूस करवानेवाले खाद्यपदार्थों का सेवन ज्यादा किया जाता हैं, जिससे देशभर में पेट संबंधित रोगों की समस्या बहुत आम नजर आती है। मोटापे की समस्या लगातार बढ़ रही है, जो अनेक जानलेवा बीमारियों की जननी हैं और कितने दुर्भाग्य की बात है कि, सब कुछ जानते हुए भी हम खुद ही अस्वास्थ्यकर खाद्यपदार्थों को ही प्राथमिकता देकर खाते हैं। मोटापे के जोखिमों के बारे में जागरूकता और वैश्विक मोटापा संकट को समाप्त करने के लिए हर साल 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस दुनियाभर में मनाया जाता हैं। अधिक वजन और मोटापे के खतरे के लिए अस्वास्थ्यकर खानपान के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि का अभाव, पर्याप्त नींद न लेना, अत्यधिक तनाव, स्वास्थ्य की स्थिति, आनुवंशिकी, दवाइयों का दुष्प्रभाव, आसपास का वातावरण भी उत्तरदायी होता है। शहरों में मोटापे की इस प्रवृत्ति के लिए चीनी-मीठे पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत भोजन जैसे उच्च कैलोरी-सघन खाद्य पदार्थों का सेवन एक प्रमुख योगदानकर्ता माना जाता है, और साथ ही, इनमें आवश्यक पोषक तत्वों और फाइबर की भारी कमी होती हैं। अधिक शराब पीना, बहुत अधिक बाहर भोजन करना सेहत के लिए हानिकारक है। लंबे समय तक धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता के कारण परिणामस्वरूप बीमारियों का विकास होता है, विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी। वर्तमान में भारतीय फास्ट-फूड बाजार 27.57 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय जंक फूड की सूची में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, पैकेज्ड भुजिया, इंस्टेंट नूडल्स, मोमोज, टिक्की, भटूरे जैसे खाद्य पदार्थ शीर्ष पर हैं। वैश्विक खाद्य बाजारों में भारत के निरंतर एकीकरण के बाद अस्वास्थ्यकर, प्रसंस्कृत भोजन अधिक सुलभ हो गया है। यह, बढ़ती मध्यम वर्ग की आय के साथ मिलकर, मध्यम वर्ग और उच्च आय वाले परिवारों में प्रति व्यक्ति औसत कैलोरी सेवन में वृद्धि कर रहा है। एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक देश के बड़े शहरों में फास्ट फूड रेस्तरां पर मध्यम वर्ग के परिवारों का वार्षिक खर्च 108 प्रतिशत बढ़ गया है।

मोटापा एटलस 2023 ने मोटापा गैर-संचारी रोग के मामले में भारत को कुल 183 देशों में से 99 वें स्थान पर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण 5 के आंकड़ों के अनुसार, 23त्न महिलाएं और 22.1त्न पुरुष बीएमआई मानदंड के अनुसार अधिक वजन वाले हैं, देश में 40त्न महिलाएं और 12त्न पुरुष पेट के मोटापे से पीड़ित हैं। भारतीय राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 अनुसार, 2006 से 2016 तक की अवधि में, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में मोटापा 13% से बढ़कर 21%हो गया और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में मोटापा 9.3% से बढ़कर 19% हो गया। प्रत्येक वर्ष अधिकांश भारतीयों की मृत्यु हृदय रोग के कारण होती है, और उनमें से लगभग 60% को मधुमेह है। यह अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक, भारत 130 मिलियन से अधिक मामलों के साथ मधुमेह में विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लेगा। डब्ल्यूएचओ अनुसार, दुनिया भर में मोटापा 1975 के बाद से लगभग तीन गुना हो गया है। 2016 में, 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 1.9 बिलियन से अधिक वयस्क अधिक वजन वाले थे। इनमें से 650 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से ग्रस्त थे। दुनिया की अधिकांश आबादी उन देशों में रहती है जहां अधिक वजन और मोटापे के कारण कम वजन वाले लोगों की तुलना में अधिक लोगों की मौत होती है। 2020 में 5 वर्ष से कम उम्र के 39 मिलियन बच्चे अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। 2016 में 5-19 वर्ष की आयु के 340 मिलियन से अधिक बच्चे और किशोर अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होने वाले मोटापे और गैर-संचारी रोगों के कारण श्रम उत्पादकता में सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है और अस्वास्थ्यकर आहार पैटर्न से संबंधित अनुमानित नुकसान के मामले में भारत 154 देशों में तीसरे स्थान पर है, जो बेहद चिंताजनक हैं। भारत में उपभोग किए जाने वाले अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की कुल मात्रा में 2011 के बाद से 90त्न से अधिक की वृद्धि हुई है। वयस्क बॉडी मास इंडेक्स या बीएमआई इंडेक्स अनुसार, यदि आपका बीएमआई 18.5 से 24.9 है, तो यह स्वस्थ वजन सीमा के अंतर्गत आता है। यदि आपका बीएमआई 25.0 से 29.9 है, तो यह अधिक वजन की सीमा में आता है। ऊंचाई अनुरूप वजन होना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट, आलू, चावल, मिठाई जैसे खाद्य पदार्थ वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसलिए, केवल वही खाद्य पदार्थ खाएं जो आपके शरीर में अतिरिक्त कैलोरी नहीं बढ़ाएंगे। कैलोरी का आदर्श स्तर दैनिक सेवन के अलावा उम्र, चयापचय और शारीरिक गतिविधि कार्य के स्तर पर निर्भर करता है। आम तौर पर, अनुशंसित दैनिक कैलोरी सेवन महिलाओं के लिए प्रति दिन 2,000 कैलोरी और पुरुषों के लिए 2,500 कैलोरी है। शहरों में प्रदूषित हवा में सांस लेने की मजबूरी, पैक्ड फ़ूड की आदत, मिलावटखोरी, खाद्य पदार्थों में निकृष्ट गुणवत्ता व आवश्यक पोषक तत्वों की भारी कमी, फसलों में घातक रसायनों का प्रयोग, व्यायाम की कमी, यांत्रिक उपकरणों पर बढ़ती निर्भरता ने मानव जीवन को संघर्षमय और ख़राब सेहत दी है, जिससें जानलेवा खर्चीली बीमारियों ने असमय होने वाली मृत्यु में वृद्धि की है। मनुष्य ने खुद ही अपनेआप को उस दहलीज पर लाकर रख दिया है जहां पर स्वास्थ्य समस्याओं का अंबार लगा हैं, जिसमें मोटापा भी प्रमुख है। मोटापे को रोका जा सकता है, योग्य दिनचर्या के द्वारा हम अच्छी सेहत पा सकते है। नमक, शक्कर, मैदा जैसे पदार्थों को धीमा सफेद जहर कहा जाता है, इनके अत्यधिक सेवन से बचें। पैक्ड, डिब्बाबंद, फास्टफूड, जंकफूड, प्रसंस्कृत वसायुक्त मांस, स्नैक फूड, फ्रिज में जमे हुए पदार्थ, बाहरी तेल मसालेवाले खाद्यपदार्थ खाने से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर मौसमी फल, अंकुरित अनाज, हरी सब्जियों, दालों का प्रयोग करें। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और कैलोरी का विशेष ध्यान रखें। चटोरी जबान पर नियंत्रण रखना सीखें, पेट को गोदाम समझकर कुछ भी पदार्थ न ठूंसे, अपनी इच्छा शक्ति मजबूत बनाये। शरीर को हर उम्र में सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्वों की जरुरत होती हैं, इसका खास ध्यान रखें। शुद्ध ऑक्सीज़न, पूरक पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, रोजाना व्यायाम, नशे से दुरी ये अच्छे सेहत का मार्ग है। इसकी मदद से हम न केवल मोटापे बल्कि जानलेवा बीमारियों से भी बचेंगे और एक खुशहाल, स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। करियर के मामले में आप अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां ले सकते हैं। हालांकि उनको पूरा करने की भी आप पूरी कोशिश करेंगे। छात्रों को किसी काम में बेहतर नतीजे मिल सकते हैं। कॉलेज स्टूडेंट्स अपने भविष्य के लिए टीचर्स से सलाह ले सकते हैं। परिवार में आपको माता का पूरा सहयोग मिलेगा। किसी खास मामले को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। आप किसी जरूरी सामान की खरीददारी कर सकते हैं। इस राशि के विवाहित कुछ बेहतरीन पल बिता सकते हैं।

वृष राशि-आज आपका दिन राहतपूर्ण रहने वाला है। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि के लोग कम्प्यूटर से जुड़े कार्यों के लिए न अत्यंतमहत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी बड़ी कंपनी से च्छा ऑर्डर ल सकता है। छात्रों को अपनी किसी प्रतिभा के लिए पुरुस्कार मिल सकता है। वमेट के लिए दिन अच्छा है। पड़ोसी आपके शुभ कामों में आपकी मदद कर सकते हैं। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। व्यापारी किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। कुछ लोगों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

मिथुन राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप घरेलू चीजों को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं। आपके बच्चे आपको हर तरह से सपोर्ट करेंगे। महिलाओं के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त हो सकते हैं। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। अगर आप राजनीति के क्षेत्र में हैं, तो आप सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। आप कहीं बाहर यात्रा पर जा सकते हैं। कानूनी मामलों में सही सलाह के लिए किसी अनुभवी की राय लें। इस राशि के विवाहित आज किसी रेस्टोरेंट में डिनर का प्लान बना सकते हैं।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी से भी व्यर्थ की बात करने से आपको बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर भी कंट्रोल रखना चाहिए। गुस्से में आपका काम बिगड़ सकता है। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो किसी जानकार से सलाह जरूर ले लें। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन ठीक रहेगा। आप किसी समारोह में भाग ले सकते हैं। बुजुर्ग किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने की सोच रहे हैं, तो दोस्त की मदद से कर सकते हैं।

सिंह राशि-आज किसी व्यक्ति से आपकी उम्मीदें बढ़ी हुई रहेंगी, लेकिन आपकी उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। किसी से भी ज्यादा उम्मीदें लगाकर ना रखें। साथ ही जो भी काम करें, अपने दम पर करें। किसी से मदद लेना आपको भारी पड़ सकता है। छात्रों के लिए दिन ठीक रहेगा। आपका पढ़ाई में मन लगेगा। आप किसी स्कूल या कॉलेज के प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों को अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही दवाईयां समय पर लेनी चाहिए। छोटे बच्चों की सेहत का भी थोड़ा ध्यान रखना चाहिए।

कन्या राशि- आज आपकी ऊर्जा का स्तर बेहतर रहेगा। आपका काम कम समय में पूरा हो जाएगा। आपका काम दूसरों को आपकी तरफ आकर्षित करेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में भी लोग आपकी तारीफ करेंगे। परिवार में सब लोग आपके पक्ष में रहेंगे। आप किसी रिश्तेदार के यहां फंक्शन में जा सकते हैं। विवाहित लोगों की जिंदगी में सब कुछ अच्छा रहेगा। बिजनेस में लिए गए फैसले कारगर साबित होंगे। आपके व्यवहार की तारीफ होगी।

तुला राशि-आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। आप किसी पुरानी अधूरी रचना को फिर से पूरा कर सकते हैं, इससे आपको मानसिक रूप से अच्छा महसूस होगा। कॉलेज में किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है। आप आगे की पढ़ाई के लिए पूरी मेहनत करेंगे। पैसों के लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। ऑफिस में किसी के साथ तकरार की स्थिति बन सकती है। अपनी राय दूसरों के सामने रखें, लेकिन दूसरों की राय को भी महत्व जरूर दें, इससे स्थिति ठीक रहेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। पहले से बनाई हुई योजनाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। आप किसी नए काम के बारे में सोच सकते हैं। परिवार में सबके साथ आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। स्टूडेंट्स अपना प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए किसी मित्र से सहयोग मांग सकते हैं। ऑफिस में स्थिति ठीक बनी रहेगी। आप अपना काम कम समय में पूरा कर लेंगे। चीजों में तालमेल बना रहेगा। आप सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। संतान की ओर से खुशखबरी मिलेगी। आज के दिन गायत्री मंत्र का पाठ करें, पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस के मामले में आपको किसी नजदीकी दोस्त से मदद मिलेगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा। नवविवाहित किसी ट्रिप का प्लान बनाएंगे। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। छात्र किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। आपको सफलता भी मिलेगी। अगर आप जॉब करने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये समय बेहतर है। आप किसी अच्छी जगह पर अप्लाई कर सकते हैं। आर्थिक रूप से आपकी स्थिति अच्छी रहेगी। आपको संतान से पूरा सहयोग मिलेगा।

मकर राशि-आज मेहनत से किए हुए काम पूरा होने की उम्मीद है, जिससे आपको काफी राहत मिल सकती है, लेकिन आपको समय के प्रति थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। किसी कार्य में अधिक समय लगाने से दूसरे काम अधूरे रह सकते हैं। आप किसी से मदद मांगने में ना हिचकें। सबके साथ अच्छा व्यवहार बनाए रखें। पार्टनरशिप में बिजनेस कर रहे हैं, तो अपने पार्टनर से किसी जरूरी मुद्दे पर बात कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखना चाहिए। मित्रों के साथ मनोरंजक यात्रा हो सकती है। अपने गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करें, करियर में आपको सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप किसी नए रिश्ते की शुरुआत कर सकते हैं, दिन अच्छा रहेगा। आपको काम के बेहतरीन मौके मिलेंगे। जो लोग जॉब कर रहे हैं, उन्हें किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। ज्वैलरी का व्यापार कर रहे लोगों को फायदा होगा। करियर के मामले में गुरु से पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी नए कोर्स की ज्वॉइनिंग के बारे में सोच सकते हैं। माता-पिता आपके हर कदम पर साथ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में इजाफा होगा।

मीन राशि-आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सारे काम आसानी से पूरे होते दिखेंगे। अपने भविष्य के लिए कोई योजना बना सकते हैं। काम के प्रति सोच-विचार में दोस्तों का भी सहयोग मिल सकता है। आज आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। इस राशि के बिजनेसमैन कुछ बड़े लोगों से मिल सकते हैं। आपकी मुलाकात सफल रहेगी। जीवनसाथी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। छोटे बच्चे अपने दोस्तों के साथ खेलने में बिजी रह सकते हैं। सहयोगी काम में मदद करेंगे। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

व्यंग्य

# कचरा लेखन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



लेखक महोदय! आपके अनुभव और पहुँच के चलते इस बार विश्व पुस्तक मेले में आपकी बड़ी धूम रही। जितनी बार साँसें नहीं लीं उतनी बार तो आपने पुस्तकों का लोकार्पण कर दिया। जहाँ देखिए वहाँ आप ही आप छाए हुए थे। मधुमक्खी के छत्ते की तरह फोटों खिंचवाने की लेखकों में बड़ी चुल मची थी। पता ही नहीं चल रहा था कि लेखक कौन है और उसके रिश्तेदार कौन हैं? एक सप्ताह-दस दिन गुजर जाने के बाद लेखक खुद को उन फोटो में ढूँढ़ने में गच्चा खा जाएगा। यह सब छोड़िए। यह बताइए इतनी सारी पुस्तकें घर ले आए हैं, इनका क्या करेंगे? - मैंने पूछा। पहुँचे हुए लेखक थे। सो उन्होंने एक लंबी साँस छोड़ते हुए कहा - पिछली बार की तुलना में इस बार इतनी किताबें मिली हैं कि घर में उन्हें रखने भर की जगह नहीं है। इसलिए किताबें बरामदे में कूड़े की तरह रख डाली हैं। सूखे कूड़े की तरह सूखी किताबें, गीले कूड़े की तरह गीली किताबें अलग करने का समय नहीं मिला। कोई बात नहीं है। इस बार मैंने एक बढ़िया उपाय ढूँढ़ निकाला है।

उपाय? कैसा उपाय? मैंने आश्चर्य से पूछा।

उपाय बता तो देता। डर है कहीं तुम किसी को बता न दो। पहले मैं इस उपाय का कॉपीराइट करवाऊँगा। फिर किसी को बताऊँगा। लेखन ने संदेह की नजर से मेरी ओर देखा। आपको मुझ पर इतना भी विश्वास नहीं है। मैंने कितनी सारी आपकी रचनाओं का टंकण किया है। चाहता तो उसमें कुछ इधर-उधर कर उसे अपनी रचना बना सकता था लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। कम से कम इतना तो विश्वास कीजिए। - मैंने गिड़गिड़ाते हुए कहा।

कॉपी कर भी लेते तो क्या कर लेते। यहाँ लोग कंटेंट नहीं नाम देखकर किताबें खरीदते हैं। तुम्हारे जैसों की कोई किताब अपने पास रखकर अपनी भद्द थोड़े न पिटवायाएगा। लेखक ने चिढ़ाते हुए कहा। बात तो आपकी बिल्कुल सही है। यह सब छोड़िए। उपाय बताइए। मैं किसी को नहीं बताऊँगा। - उत्सुकतावश पुनः पूछने लगा। ठीक है! ठीक है! बताता हूँ। इस बार मैं इन पुस्तकों की कंपोस्टिंग खाद बनाऊँगा। इसके लिए सबसे पहले एक गड्ढा खोदूँगा। उसमें इन किताबों फेंक दूँगा। उसी में वे सुखेंगी, गलेंगी और सड़ेंगी। कुछ दिनों के बाद यह एक अच्छी खाद बन जाएगी। तब देखना एकदम ऑर्गानक साग-सब्जी, फल-फूल उगाऊँगा। इस तरह कंपोस्ट की गई खाद से फालतू लेखकों का कचरा लेखन मिट जाएगा। भू, जल, ध्वनि, वायु प्रदूषण के बाद कचरा लेखन प्रदूषण बड़ा जानलेवा होता जा रहा है। इस तरह के खाद निर्माण से कई पाठकों की जान बचाई जा सकती है।

लेकिन इस तरह की खाद से आपके और आपके परिवार की जान को खतरा हो सकता है। उसका क्या?÷

खतरा? कैसा खतरा?इस तरह की खाद से उगाई गई खाद्य सामग्री के सेवन से दस्त, उल्टियाँ और कभी-कभी जान भी जा सकती है। जान गई तो कोई बात नहीं है। पागल बन गए तो दूसरों की जानमाल को खतरा हो सकता है। इतना सुनना था कि पहुँचे हुए लेखक मोबाइल निकालकर रद्दीवाले को फोन लगाने लगे।

## सिर्फ पांच फीसदी वजन घटाया तो कम हो जाएगा इन बीमारियों का खतरा

पिछले कुछ दशकों में बढ़ता वजन यानी मोटापा एक महामारी की तरह फैला है. बदला हुआ लाइफस्टाइल और फिजिकल एक्टिविटीज की कमी के चलते ज्यादातर लोग वजन पर काबू नहीं कर पाते और वेट गेन होने लगता है. देखा जाए तो वेट गेन ऐसी मेडिकल कंडीशन है जो शरीर को कई तरह की बीमारियों का घर बना देती है. मोटापे की रोकथाम और जनता को इस संबंध में जागरुक करने के लिए आज दुनिया भर में वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जा रहा है.

**मोटापे को लेकर क्या कहती है रिसर्च** -हाल ही में की गई एक रिसर्च कहती है कि विश्व में हर आठवां व्यक्ति मोटापे का शिकार है. ऐसे में अगर हम अपना वजन घटाने के लिए जागरुक होते हैं तो कई बीमारियों का रिस्क कम हो सकता है. चलिए जानते हैं कि अगर हम पांच फीसदी वजन भी घटाने में कामयाब होते हैं तो किन बीमारियों का खतरा कम हो सकता है.

**वजन घटाने पर इन बीमारियों का रिस्क होगा कम** -तेजी से बढ़ता वजन ना केवल व्यक्ति की फिजिटल फिटनेस पर बुरा असर डालता है बल्कि इससे कई बड़ी बीमारियां शरीर पर हमला कर सकती हैं. आपको बता दें कि मोटापा हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल का कारण बनता है जिससे व्यक्ति हार्ट डिजीज, डायबिटीज, फैटी लिवर, कैंसर, स्ट्रेस, एंजाइटी, पित्ताशय की डिजीज और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारा कि शिकार हो सकता है.ऐसे में अगर आपको इन बीमारियों का रिस्क कम करना है तो आपको आज से ही अपने वजन पर कंट्रोल करना शुरू कर देना चाहिए. यकीन मानिए कि अगर आप अपना पांच फीसदी वजन भी कम करेंगे तो हार्ट डिजीज, डायबिटीज, स्ट्रोक और फैटी लिवर जैसी बीमारियों का रिस्क खुद ब खुद कम हो जाएगा. मोटापा दरअसल हाई कोलेस्ट्रॉल बनाता है जिसकी वजह से ये बीमारियां जल्द अटैक करती हैं.

**कैसे कम करें मोटापा** -लाइफस्टाइल में बदलाव करने के साथ साथ फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ाकर आप अपने बढ़ते वजन पर कंट्रोल कर सकते हैं. अपनी डाइट में फाइबर को शामिल करें. ताजे फल और सब्जियों का ज्यादा सेवन करें. फास्ट और प्रिजरवेटिव फूड को अपनी डाइट से निकाल फैंके. चावल, चीनी, मैदा आदि से दूरी बनाकर रखें. अपने भोजन में कम तेल का प्रयोग करके भी आप वजन घटा सकते हैं. नियमित तौर पर एक्सरसाइज की आदत डालें. जिम जाने की बजाय आप वॉकिंग,ब्रिस्क वॉकिंग, रनिंग, साइकिलिंग, रस्सी कूद या फिर सीढ़ियों का प्रयोग करके भी अपना वजन कम कर सकते हैं.

चर्चित मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# सौर ऊर्जा से बदलेगी भारत की तकदीर !



समूचे विश्व में भारत पहला देश होगा जिसमें एक करोड़ घरों की बिजली आपूर्ति सौर ऊर्जा के अपने निजी घर की छत पर उत्पादित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना को बहुत जल्द मूर्तरूप मिलने जा रहा है। वह दिन दूर नहीं है जब भारत के करोड़ों घरों में सौर ऊर्जा से पैदा बिजली से उनकी दैनिक जरूरत पूरी होगी।

वरन अतिरिक्त बिजली को सरकार को बेच सकेंगे। हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम-सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत देशभर में 1 करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सौर ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए प्रयास पहले भी हुए हैं, किन्तु सफल नहीं हो पाए। ऐसे में इस योजना का क्या हश्र होगा? क्या यह सफल हो पाएगी? ऐसी योजना पर 75 हजार करोड़ रुपये खर्च करना कितना उचित है?

पहले सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जो योजनाएं लाई जाती थीं, उनमें सामान्यतः उपकरण खरीदने पर सब्सिडी दी जाती थी, जैसे सोलर लालटेन, सोलर कुकर आदि। सब्सिडी पर सस्ता मिलने के कारण लोग उन्हें खरीद तो लेते थे, किन्तु एक बार खराब होने पर उसे ठीक कराने का कष्ट भी नहीं उठाते थे। इसी कारण एक-दो वर्ष पश्चात वह उपकरण खराब हो जाता था और सब्सिडी पानी में चली जाती थी।

एक करोड़ परिवारों को फ्री बिजली देने को लेकर केंद्र सरकार की रूफ टॉप सोलर स्कीम है, जिसके तहत 300 यूनिट से कम बिजली का उपभोग करने वाले घरों पर रूफ टॉप सोलर सिस्?टम लगाए जाएंगे. उन्?होंने कहा कि इसे लगाने से लेकर मेंटिनेंस तक सब सरकार करेगी। 3 किलोवाट तक सरकार 40 फीसदी सब्सिडी दे रही है, जिसे बढ़ाकर हम 60 फीसदी कर रहे हैं. शेष पर लोन लेना होगा और यह लोन मकान मालिक को नहीं लेना होगा बल्कि लोन पब्लिक सेक्टर की कंपनियां लेंगी और वही सिस्टम लगाएंगी। जिस दिन से यह सिस्टम लगेगा, उसी दिन से उस परिवार की बिजली फ्री हो जाएगी. उन्?होंने कहा कि जो सिस्टम हम लगाएंगे वो 300 यूनिट से ज्यादा बिजली पैदा करेगा. इसी ज्?यादा बिजली से पब्लिक सेक्?टर की कंपनियां लोन चुका सकेंगी. इसमें 10 साल लगेंगे. इसके बाद वो रूफ टॉप सोलर सिस्?टम मकान मालिक का हो जाएगा और अगले 15 साल तक उसे इसके जरिए कमाई होगी. इस सिस्टम की उम्र 25 साल आंकी जा रही है.

इस बार जो योजना शुरू की गई है, उसमें लोगों को तीन तरह से आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। पहला, सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर सरकार 60 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। दूसरा जो परिवार इस योजना के तहत अपने घरों पर संयंत्र लगवाएंगे उन्हें हर महीने 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली दी जाएगी। तीसरा सौर संयंत्र से जो बिजली पैदा होगी, उसकी पूरी खपत घर में नहीं होगी तो सरकार उसे खरीद लेगी। इसके लिए विशेष ग्रिड बनाई गई है। सरल भाषा में कहें तो सरकार ने इस बार ऐसा लालच दिया है कि लोग योजना के प्रति न केवल खिंचे चले आएंगे, बल्कि खराब होने पर उसे ठीक कराने का कारण भी उनके पास होगा।

आपको बता दें कि इस से देश में बिजली की कमी नहीं रहेगी और पूरी बिजली व्यवस्था कोयला एवं पानी संचालित बिजली संयंत्रों पर आधारित नहीं रहेगी। इससे देश में बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों और बढ़ते उद्योगों के लिए बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में आसानी होगी। दूसरा भारत वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती का जो वादा कर रहा है, उसे पूरा करने की दिशा में यह बड़ा कदम होगा। सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कोयला जलाने से होता है और कोयले की सर्वाधिक खपत बिजली घरों में हो रही है। नई सौर ऊर्जा योजना से प्रदूषण का स्तर कम करने में भी सहायता मिलेगी। धीरे-धीरे सभी बिजली उत्पादन कंपनियों को भी सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस योजना में सबसे अच्छा कदम है इस योजना को ऑनलाइन कर देना, वह भी सीधे केंद्र के स्तर से। इच्छुक परिवार वेबसाइट पर इस योजना की सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकेंगे, स्वयं विक्रेता चुन सकेंगे। इससे किसी तरह के भ्रष्टाचार की आशंका समाप्त हो जाएगी। उसी वेबसाइट से उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी मिल जाएगी। परिवार वर्तमान में रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब 7 प्रतिशत ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 17 लाख रोजगार सृजित होंगे। ये रोजगार सोलर पैनल बनाने, उनको लाने-ले जाने, स्थापित करने आदि से जुड़े होंगे।

आज भारत अपने सौर ऊर्जा उत्पादन के मामले में एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवे स्थान पर है वर्तमान में यह अक्षय ऊर्जा की कुल क्षमता का लगभग 38% है। देश के सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में स्थित हैं।सौर ऊर्जा संयंत्र उनके द्वारा उत्पादित पावर के आधार पर हैं। भारत में वर्तमान में बिजली उत्पादन का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट भाड़ला सोलर पार्क है।यह बिजली उत्पादन के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है एवं क्षेत्र के मामले में दूसरा सबसे बड़ा सोलर पार्क है। भाड़ला में औसतन तापमान 46 से 48 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहता है। जो भौगोलिक दृष्टि से बिलकुल विपरीत है, क्योंकि गर्म हवाएं और रेत के तूफान अक्सर जगह को अधिक ढँक लेते हैं। भाड़ला लगभग 45 वर्ग किलोमीटर में फैला एक रेतीला, सूखा और शुष्क क्षेत्र है। इस सोलर पार्क को बनाने में खर्च होने वाली औसत धनराशि लगभग 10,000 करोड़ है। इस सोलर प्लांट का विकास कई स्टॉकोल्डेर्स द्वारा किया जा रहा है। इस सोलर पार्क के निर्माण और रखरखाव कार्य को विकास कंपनी लिमिटेड (राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड की एक सहायक कंपनी), सौर्य ऊर्जा कंपनी (गवर्नमेंट ऑफ़ राजस्थान औरएनर्जी डेवलपमेंट कंपनी की जॉइंट वेंचर कंपनी), और अडानी रिन्यूएबल एनर्जी पार्क राजस्थान आदि के द्वारा कराया जा रहा है. भारत विश्व के उन चुनिंदा सौभाग्यशाली देशों में शामिल है जहां लगभग पूरे वर्ष कई घंटे सूर्य की सीधी रोशनी मिलती है। अब तक यह मकानों एवं भवनों की छतों पर नष्ट हो रही थी और उनको गर्म भी कर रही थी, जिन्हें ठंडा करने के लिए एसी चलाने में बिजली जलती थी। अब इसी से बिजली पैदा होगी और छतों पर सोलर पैनल लग जाने से उन इमारतों में गर्मी में कमी आएगी। अनेक सरकारी इमारतों पर सरकार ने पहले ही सौर पैनल लगाने शुरू कर दिए हैं। अब 1 करोड़ घरों पर सौर पैनल लगाने की सरकार की योजना आकर्षक है और यदि सफल हो जाती है तो विद्युत उत्पादन के मामले में यह बहुत बड़ा कदम साबित हो सकती है।जैसा कि आप आप जानते हैं कि मोदी अपनी किसी भी योजना को लागू करने से पहले उस के तमाम नफा नुकसान और व्यवहारिकता पर पूरा पड़ताल करने के बाद ही उसे लागू करते हैं। इस योजना के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा शोध व पड़ताल करने के बाद ही इस पर घोषणा की है। जल्द ही भारत पूरे विश्व में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मिसाल बनेगा।



## एक नजर

### प्रथम नेशनल लोक अदालत 9मार्च को

**सुकमा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के तहत प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के लिए तिथि का निर्धारण किया गया है। प्रथम नेशनल लोक अदालत 09 मार्च 2024, द्वितीय नेशनल लोक अदालत 11 मई 2024, तृतीय नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर 2024 और चतुर्थ नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर 2024 आयोजित नेशनल लोक अदालत के लिये खण्डपीठ का गठन किया गया है।

### कार्यस्थल पर आंतरिक परिवार समिति का किया जाएगा गठन

**सुकमा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 4 (1) के तहत समस्त विभाग जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहाँ आंतरिक परिवार समति का गठन किया जाना है। जिसके तहत कार्यालय कलेक्टर परिसर सुकमा के लिए ÷आन्तरिक परिवाद समिति÷ का गठन किया गया है। उक्त समिति द्वारा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर जाँच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उक्तानुसार शिकायत अथवा आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 6 (1) के तहत कार्यस्थल पर जहाँ 10 से कम कर्मचारी कार्यरत है अथवा शिकायत नियोक्ता के विरूद्ध है। उसके लिए जिले स्तर पर स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति द्वारा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर जाँच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उक्तानुसार शिकायत अथवा आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर 5 मार्च।** जिले में एक दिवसीय प्रवास में पहुँचे राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन का स्वागत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किया। स्थानीय एयरपोर्ट मां दंतेश्वरी में राज्यपाल और मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत वनमंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण देव,कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी सुंदर राज पी. कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने किया। इसके अलावा पूर्व विधायक संतोष बाफना सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आदिवासी बच्चों की जिंदगी से किया खुलेआम खिलवाड़

## पल्स पोलियो ड्राप की जगह नौनिहालों को पिला दिया आइस बॉक्स का पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 5 मार्च।** लगता है कि बस्तर संभाग के अति संवेदनशील सुकमा जिले के सरकारी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की संवेदना पूरी तरह मर चुकी है। सुकमा जिले के चिंतागुफा से बेहद ही परेशान करने वाली खबर आई है, जहां बच्चों को पोलियो ड्राप की जगह आइस बॉक्स का पानी पिलाकर उनकी जान से तो खिलवाड़ किया ही गया, शासन के महत्वपूर्ण अभियान की धज्जियां भी उड़ाई गईं। यह हैरान और परेशान करने वाली घटना नक्सल हिंसा के मामले में बेहद ही संवेदनशील माने जाने वाले सुकमा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतागुफा की है।राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 3 मार्च को प्रदेशभर में पोलियो प्रतिरक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अभियान के प्रचार प्रसार के लिए दरो दीवार पर स्लोगन लिखा गया है कि दो बूंद जिंदगी की, अपने बच्चों को अवश्य पिलाएं पोलियो रोधी दवा की खुराक। इस स्लोगन को चिंतागुफा के



स्वास्थ्य कर्मियों ने कितना सार्थक किया, उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महिला स्वास्थ्य कर्मी बच्चों को पोलियो ड्राप की जगह आइस बॉक्स का पानी पिलाते रहे। एक ही आइस बॉक्स से दर्जनों बच्चों को बारी बारी से पानी पिलाया जाता रहा। वह भी खुले आसमान तले पेड़ की छांव में। चिंतागुफा में नवजात शिशुओं के जिंदगी के साथ इस तरह सरेआम खिलवाड़ किया जाता रहा। इसी दौरान किसी जागरूक युवा ने स्वास्थ्य कर्मियों की इस घोर लापरवाही और मनमानी भरे कृत्य को मोबाइल फोन के कैमरे में कैद कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सूत्र बताते हैं कि सुकमा जिले के चिंतागुफा, कोंटा समेत अन्य अंदरूनी इलाकों के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों व कार्यकर्ताओं को प्लस पोलियो अभियान के लिए आवश्यक प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। और न ही उन्हें अभियान के प्रति गंभीर रहकर कार्य करने की हिदायत दी गई थी। स्वयं चिंतागुफा के डॉक्टर्स इस मामले में गंभीर नहीं रहे हैं।जबकि शासन, प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को सख्त चेतावनी के साथ निर्देशित कर रखा है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए और पोलियो ड्राप पिलाने में पूरी सावधानी बरती जाए। चिंतागुफा में स्वास्थ्य कर्मियों ने पोलियों ड्रॉप न पिलाकर बच्चों को पोलियो की खुराक से वंचित रखा ही पोलियो ड्राप बॉक्स में रखा आइस पानी पिलाकर बच्चों की सेहत और जान से खिलवाड़ किया है। पोलियो वैक्सीन को जिस आइस बॉक्स में रखा जाता है, उसी बॉक्स का पानी बच्चों को पिला दिया गया। बच्चों के पालकों से झूठ बोला गया कि यही पोलियो ड्राप है। वैक्सीन बॉक्स की बर्फ पिघल कर पानी बन चुकी थी और न जाने वह पानी कितने दिनों या महिनों से बॉक्स में रखा था। हो सकता है कि वह पानी दूषित भी हो चला हो, मगर चिंतागुफा के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इसकी चिंता कहां थी। संवेदनहीन स्वास्थ्य कर्मचारियों ने वही पानी बच्चों को पोलियो ड्राप की जगह पिलाया जाता रहा। सुकमा जिले के बड़े अधिकारी क्या इसकी जवाबदारी लेंगे?

सुकमा जिले के ग्रामीण इलाकों में पदस्थ डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही जग जाहिर है। नक्सलियों की आड़ लेकर डॉक्टर अपने कर्तव्य स्थल पर ईमानदारी के साथ ड्यूटी नहीं करते। ज्यादातर डॉक्टर कार्य स्थल के अस्पतालों से गायब रहते हैं। इन्हीं लापरवाह और अपनी मर्जी के मालिक डॉक्टरों में कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी भी शामिल हैं। जब बॉस ही कर्तव्य से विमुख रहेंगे, तो मातहत डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से कर्तव्य परायणता की उम्मीद करना भी बेमानी है। यही वजह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा महज एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। मौजूदा बीएमओ के कार्यकाल में कोंटा विकासखंड के पचासों मरीज ईलाज के अभाव से अपनी जान से हाथ धो चुके हैं। कोंटा ब्लॉक की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अक्सर जिला चिकित्सालय सुकमा ले जाना पड़ता है। और तो और चोटिल लोगों का प्राथमिक उपचार भी कोंटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं किया जाता। दुर्भाग्य है की बात है कि शासन से भारी भरकम वेतन लेने वाले बीएमओ की लापरवाही के चलते आज कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफरल सेंटर बनकर रह गया है।

# पल्स पोलियो अभियान में आइसपेक पिलाने की जानकारी मिलने पर चिंतागुफा पीएचसी की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 मार्च।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 03 मार्च को विभिन्न बूथों में लक्षित आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गई। इस दौरान जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी ग्राम एलमागुण्डा में पोलियो ड्रॉप की जगह आइसपेक पिलाने की जानकारी प्राप्त होने पर बीएमओ कोंटा द्वारा तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिंतागुफा से मेडिकल टीम भेजकर सभी बच्चों का सेनीटाइजेशन करवाने सहित स्वास्थ्य जांच कराया गया। इस मौके पर उक्त मेडिकल टीम द्वारा सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इन बच्चों को गहन निगरानी में रखकर दोपहर में इन सभी 40 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गई। साथ ही सम्बन्धित क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी रखे जाने कहा गया। कलेक्टर श्री एस. हरिस ने इस बारे में बताया कि सोमवार 04 मार्च को पुनः बीएमओ कोंटा के नेतृत्व में मेडिकल टीम एलमागुड़ा भेजा गया है जिसके द्वारा इन बच्चों का पुनः स्वास्थ्य जांच करने के



साथ ही उक्त ईलाके में पोलियो ड्रॉप की खुराक से छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी। कलेक्टर श्री एस.हरीस ने उक्त घटना के सम्बंध में अतिशीघ्र जांच किये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं और लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## समाचार संक्षेप

### महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से मुलाकात की

**जगदलपुर 5 मार्च।** केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी होने के पश्चात बस्तर भाजपा कार्यालय में बस्तर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी से मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जी ने उन्हें मिठाई खिलाकर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। और किरण देव जी ने कहा निश्चित ही हम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मूलमंत्र ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ का अनुपालन करते हुए हम छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे।।



### छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या ले जाने वाली ट्रेन को मुख्यमंत्री ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया




**रायपुर 5 मार्च।** श्री राम लाल दर्शन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के5 जिलों से 850 श्रद्धालुओं को लेकर पहला जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ जिसे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई ने हरी झंडी दिखाकर राम लाल दर्शन के लिए जाने वाली विशेष ट्रेन को प्रातः 10ः30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 से रवाना किया। प्रभु श्री रामचंद्र जी माता सीता जी लखन लाल जी एवं हनुमान जी की आरती उतार कर फूल माला चढ़ाकर विशेष ट्रेन में रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों के 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु श्री राम लाल के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं इस विशेष ट्रेन का संचालन 5 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। श्री राम लाल दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने वहां रहने की व्यवस्था मंदिर दर्शन नाश्ता और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षाकर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। भव्य मंच पर डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोक रंजनी रायपुर द्वारा मनोहारी झांकी प्रभु श्री राम जी, मां सीता जी व लक्ष्मण जी के साथ हनुमान जी विराजमान रहे, उक्त जानकारी लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने दी।

# साहित्य समाज को ऊंचाई दता है:जस्टिस शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 5 मार्च।** कवि एवं जस्टिस अनिल कुमार शुक्ला की दो पुस्तकों का विमोचन लोक आयोग के सेमिनार हाल में प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस श्री टी पी शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य ही समाज को ऊंचाई देता है। मुख्य अतिथि प्रमुख लोक आयुक्त जस्टिस श्री टी पी शर्मा ने कहा कि साहित्य ईश्वर प्रदत्त कृति है। साहित्य समाज को ऊंचाई देता है। तुलसी ने स्वांत सुखाया के लिए रामचरित मानस की रचना की थी लेकिन आज वह लोक के लिए उत्कृष्ट रचना है। साहित्य कमजोर नहीं होता, वह प्रभावी होता है। यह सब का हित करता है। जस्टिस अनिल शुक्ला की दोनों पुस्तकें उनके अनुभवों का सार है, वे अपने परिदृश्य की तमाम विसंगतियों को बेबाकी से प्रस्तुत करते हैं। प्रेम की अनुभूतियों को प्रकट करती हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि एक न्यायमूर्ति के रूप में जस्टिस श्री अनिल शुक्ला ने रोचक शब्दों में विसंगतियों को व्यंग शैली में प्रस्तुत किया है। समारोह के अध्यक्ष मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति डा के पी यादव ने कहा कि बड़ी बएबआकई से कवि ने समाज की विसंगतियों पर प्रहार किया । रचनाओं में एक ओर प्रेम की




गहरी अनुभूति है तो दूसरी ओर यथार्थ पर प्रतिक्रिया।समीक्षक डॉ चित्तरंजन कर ने कहा कि आसान शैली में लिखना बड़ा कठिन है। इनकी कविताओं में प्रेम की चरम अनुभूति है, गहरी संवेदना है। व्यंगकार गिरीश पंकज ने कवि को व्यंग्यमूर्ति कहते हुए इन रचनाओं को समाज का आइना बताया।प्रारंभ में अपनी कविताओं के निर्माण की प्रक्रिया और अनुभूतियों पर कवि जस्टिस श्री अनिल कुमार शुक्ला ने बात रखी और चुनी हुई कविताओं का पाठ किया। छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक डॉ सुशील त्रिवेदी ने कहा कि ये कविताएं परंपरा से जन्मी हैं। कवि जोखिम उठाकर कविता लिखता है। विसंगतियों पर इतना तेज प्रहार कविताओं में है लेकिन अनेक कविताएं गांधीवादी व्यवस्था के निर्माण का आग्रह करती हैं।श्रीमती मंजू ठाकुर और श्रीमती साधना श्रीवास्तव ने कविताओं का सस्वर पाठ किया।अतिथियों का स्वागत लोक आयोग के उपसचिव के पी भदौरिया, आर पुराम, श्रद्धा द्विवेदी, डॉ सुरेश शुक्ला, डॉ एल एस निगम ने किया। संचालन करते हुए छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के महासचिव डॉ सुधीर शर्मा ने कवि का परिचय दिया।

# रामकृष्ण केयर अस्पताल व शकुंतला फाउंडेशन ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायपुर 5 मार्च।** रामकृष्ण केयर अस्पताल , शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ और प्रकाश मेडिकल, कश्यप मेडिकल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनपद पंचायत लोरमी जिला मुंगेली के सीता देवी पैलेस में आयोजित किया गया ।बडी संख्या में मरीजों ने चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श कराया। रामकृष्ण केयर अस्पताल से कैंसर विशेषज्ञ डॉ देवा दुलाल कैंसर विशेषज्ञ,डॉ सोनल बघेल उदर रोग विशेषज्ञ, डाक्टर राजीव सखूजा अस्थि रोग विशेषज्ञ सिम्स, डाक्टर अभिषेक मिश्रा दंत चिकित्सक, डॉ अनुश्री पाठक परामर्श के लिए उपलब्ध रहे। विशेष सहयोग शकुंतला फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता सिंह, अशोक छाबड़ा, राजेन्द्र साहू, इंद्रजीत कौर , रोशन शर्मा राहुल पाठक, अभिषेक निर्मलकर का रहा। स्वस्थ शिविर में परामर्श के साथ अनेक तरह के रोगों की जांच रामकृष्ण अस्पताल के सौजन्य से कराई गई । आयोजन का उद्देश्य कैंसर जागरूकता को ध्यान में रखकर किया गया



### बंधन लन्ग ड्यूरेशन फंड की घोषणा

**रायपुर 5 मार्च।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन लन्ग ड्यूरेशन फंड के लन्च की घोषणा की जो एक ओपन-एंडेड लन्गटर्म डेट प्लान है जो ऐसे इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करती है जिनकी पोर्टफोलियो मैकाले अवधि 7 वर्ष से अधिक होगी। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर प्रदान कर सकता है जो अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों के कारण मौजूदा निकट-चरम ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। फंड के लिए नया फंड अफर मंगलवार, 5 मार्च 2024 को खुलने वाला है और सोमवार, 18 मार्च 2024 को बंद होगा। बंधन लन्ग ड्यूरेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और निवेश सलाहकारों के माध्यम से अनलाइन प्लेटफर्म पर भी किया जा सकता है।

### डिश टीवी ने ओन योर कस्टमर का लगाया नारा

**रायपुर 5 मार्च।** डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) टेलीविजन सेवाओं में अग्रणी डिश टीवी इंडिया ने केबल ऑपरेटरों के साथ की गई साझेदारी के तहत अपनी एक अभूतपूर्व पहल ओन योर कस्टमर का प्रमोचन किया। इस पहल द्वारा जारी की गई व्यवस्था के तहत स्थानीय केबल ऑपरेटरों के साथ सहयोगी साझेदारी के माध्यम से डिश टीवी, ऑप्टिकल फाइबर, ट्रांसमीटर, नोड्स और एम्पलीफायरों जैसे व्यापक बुनियादी ढांचे के बिना सरल तरीके से उन्हें ग्राहकों तक टीवी सुविधाएं प्राप्त करा सकेगा जो नेटवर्क की समग्र विश्वसनीयता को बढ़ाते हुए इसकी मजबूत कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करेगा। ज्ञात रहे कि कोविड के बाद, एक ओर जहां प्लेटफार्म और सेवा बढ़ती चली गई वहीं पारंपरिक केबल टीवी सेवाओं को झटका लगा।

# बैठक में 24.89 करोड़ की कार्ययोजना का अनुमोदन

■ वर्ष 2023-24 हेतु 24 करोड़ 89 लाख रूपए की कार्ययोजना का हुआ अनुमोदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 5 मार्च।** जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शासी परिषद के पदेन सदस्य सांसद श्री मोहन मण्डावी, अंतागढ़ विधायक श्री विक्रमदेव उसेण्डी, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण तथा शासी परिषद् के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राशि 24 करोड़ 89 लाख 05 हजार रूपए की कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने न्यास की राशि का उपयोग जिले के दूरस्थ अंचलों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करने पर जोर दिया गया।

बैठक में सांसद श्री मोहन मण्डावी ने कहा कि जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाये गये सोलर स्ट्रीट लाईट एवं सोलर हाई मास्ट लाईट का मरम्मत कराये जाने का सुझाव दिया गया। कलेक्टर श्री श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नलकूप खनन एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव, मांगों एवं आवश्यकताओं को



शामिल कर सभी विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में जिले में पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित जनकल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में वितरण किये जाने वाले पानी टेंकरों को गुणवत्तापूर्ण एवं सही मापदण्ड अनुरूप प्रदाय किये जाने, स्कूलों में अहाता निर्माण, स्टापडेम निर्माण सहित विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों के गांव में सड़क एवं पुल निर्माण सहित कई सुझाव दिए गए। बैठक में वर्ष 2017-18 में स्वीकृत मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने पर सदस्यों द्वारा नाराजगी जताई गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्यो की स्वीकृति में प्राथमिकता, उच्च प्राथमिकता-60 प्रतिशत एवं अन्य प्राथमिकता-40 प्रतिशत तथा वर्ष 2015-16 से वर्ष 2023-24 तक प्राप्त राशि के विरूद्ध जारी प्रशासकीय स्वीकृति और स्वीकृत कार्यां की प्रगति से अवगत कराया गया।

### अम्बेडकर अस्पताल में एओर्टिक आर्च डिब्रांचिंग सर्जरी कर मरीज की बचाई जान

**रायपुर 5 मार्च।** ऐसे बड़े एवं जटिल ऑपरेशन जिनके लिए लोगों को पहले महानगरों एवं राज्य से बाहर बड़े शहरों का रूख करना पड़ता था, अब छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सा संस्थान एवं इससे संबद्ध अस्पताल के समर्पित चिकित्सकों एवं परिश्रमी पैरामेडिकल टीम की बदौलत संभव हो रहे हैं। यही वजह है कि शासकीय चिकित्सा संस्थान के प्रति आमजनों का विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसी का जीता जागता प्रमाण है हाल ही में पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉक्टरों द्वारा की गई एओर्टिक आर्च डिब्रांचिंग सर्जरी। हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहु एवं कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. तान्या छोड़ा तथा उनकी परिश्रमी टीम की बदौलत एन्युरिज्मल एओर्टिक डायसेक्शन से पीड़ित 52 वर्षीय मरीज की जान एओर्टिक आर्च डिब्रांचिंग नामक जटिल सर्जरी कर बचाई गई। एओर्टिक आर्च डिब्रांचिंग सर्जरी इस संस्थान के साथ-साथ छ.ग. एवं पूरे मध्य भारत में की गई प्रथम सर्जरी है जिसको एसीआई के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग द्वारा सफलतापूर्वक किया गया है। 52 वर्षीय मरीज की महाधमनी उच्च रक्त चाप के कारण अंदर से फट गई थी जिसको मेडिकल भाषा में एन्युरिज्मल एओर्टिक डायसेक्शन कहा जाता है जिसके कारण मरीज को 2 महीने से लगातार छाती एवं पीठ में तेज दर्द हो रहा था।

### श्रीमद रामायण में हुई एक शक्तिशाली योद्धा, हनुमान की एंट्री; निर्भय वाधवा निभा रहे हैं किरदार

**रायपुर 5 मार्च।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की प्रतिष्ठित गाथा, श्रीमद रामायण ने भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं की अपनी शाश्वत कथा के साथ दर्शकों के दिलों पर कब्जा कर लिया है। अब तक, दर्शकों ने भगवान राम के अयोध्या से वनवास के बाद वनवास में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की यात्रा देखी है। और अब, घटनाओं के एक महत्वपूर्ण मोड़ में, पवन पुत्र हनुमान की एंट्री से सभी दर्शक बेहद उत्साहित हैं, जिनका किरदार जाने-माने एक्टर निर्भय वाधवा निभा रहे हैं। भगवान हनुमान का श्रद्धेय चरित्र उनके और भगवान राम के बीच के पवित्र बंधन को उजागर करता है। भगवान हनुमान की अटूट भक्ति, पराक्रम और निःस्वार्थता आदर्श भक्त का उदाहरण है, और भगवान राम के साथ उनका बंधन पारस्परिक सम्मान, विश्वास और प्रेम की विशेषता है, जो हनुमान को पौराणिक कथाओं में सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक बनाता है। इस महाकाव्य गाथा में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करते हुए, निर्भय वाधवा शक्तिशाली योद्धा, हनुमान के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए कहते हैं, ÷मैंने अब तक श्रीमद रामायण के एपिसोड देखने का वाकई आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूँ। चूँकि, पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूँ, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूँ। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूँ और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूँ।



## एक नजर

### निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग योजना संचालित

**रायगढ़, 5 मार्च।** श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित है। शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे-पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैकिंग, रेलवे एवं पुलिस भर्ती के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदाय किया जाएगा। मंडल में पंजीकृत श्रमिक की एक वर्ष की नियमित सदस्यता होना आवश्यक है।

पंजीकृत श्रमिक अथवा उनके प्रथम दो संतानों को ही योजना का लाभ प्रदाय किया जाएगा। योजना के तहत आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। छात्र/छात्रा कोचिंग कक्षाओं में नियमित रूप से पढ़ाई के संबंध में इस संदर्भ में कोचिंग के मुखिया द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। योजना में आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाली दस्तावेज में हितग्राही का जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति, हितग्राही के आधार कार्ड की प्रति, हितग्राही के शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, अंकसूची की प्रति, हितग्राही द्वारा स्व-घोषणा पत्र की प्रति, समस्त दस्तावेज का मूल प्रति स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

योजना संबंधी आवेदन किसी भी च्वाईंस सेंटर या कम्प्यूटर सेंटर से करा सकते है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम विभाग द्वारा श्रमेव जयते मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से घर बैठे आप अपने मोबाइल से ही स्वयं ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है।

### 12 वीं बोर्ड अंग्रेजी परीक्षा 9151 ने दी

**रायगढ़, 5 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 4 मार्च को सामान्य अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 9 हजार 151 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 9 हजार 014 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 137 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### सामान्य सभा की बैठक 6 मार्च को

**रायगढ़, 5 मार्च।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल की अध्यक्षता में 6 मार्च को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आहूत की जाएगी।

## आने वाले समय में राजिम कुंभ में देशभर से श्रद्धालु स्नान करने आएंगे

# राजिम के कण-कण में बसे हुए हैं भगवान शिव:प्रदीप मिश्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम 5 मार्च ।** राजिम कुंभ कल्प मेला के जानकी जयंती के शुभ अवसर पर शिवमहापुराण कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने उन्होंने जय जोहार, जय छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहकर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि राजिम के कण-कण में भगवान शिव बसा हुआ है। राजिम का यह कुंभ मीडिया के सहयोग से देश दुनिया में प्रतिष्ठित हो रहा है। पं. मिश्रा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश के हर राज्य के लोग यहां कुंभ में स्नान करने आएंगे। माता जानकी द्वारा स्थापित शिवलिंग यहां कुलेश्वर महादेव के रूप में प्रतिष्ठित है। आज सोमवार है, अष्टमी का दिन है, ऐसे शुभ दिन में मुझे राजिम आने का मौका मिला है। महाराज जी ने कहा कि रामवनगमन क्षेत्र में राम से ज्यादा शिव के मंदिर है। यह पवित्र भूमि है प्रत्येक शिव हमें बताता है सारे समस्या का हल एक लोटा जल। सरकार का संकल्प है कि अब प्रदेश में धर्मांतरण नहीं होगा। हमें भी धर्मांतरण को रोकने और सनातन को बचाने के लिए हर शिवालय और देवालय जाना है। हम प्रयास करें कि अगली बार जब कुंभ भरे तब हर कोई इस कुंभ में आये।

### साधु-संतों के आगमन और आशीर्वाद से कुंभ सफल होता है : बृजमोहन

मातृशोक के कारण दर्शक दीर्घा में बैठे धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजिम कुंभ के भव्य आयोजन के साथ-साथ इस साल का कुंभ रामोत्सव राजिम कुंभ के नाम से आयोजित करने की अनुमति दी है। साधु-संतों के आगमन और आशीर्वाद से कुंभ सफल होता है। मातृशोक के कारण मेरा शरीर मंच पर नहीं है, पर मेरी आत्मा एक महीने से यहीं है। पिछले 20 सालों में सबसे भव्य कुंभ इस बार हो रहा है। राजिम कुंभ तब तक पूरा नहीं होता जब तक साधु संत नहीं आते साधु संतों की अमृतवाणी से ही यह राजिम कुंभ कल्प सफल होता है। पूरे देश में चार कुंभ के होते हैं, ये चार कुंभ तो 12 साल में एक बार होते हैं, लेकिन राजिम कुम्भ कल्प पहला कुंभ है जो हर साल होता है। सांसद श्री चुन्नीलाल साहू स्वागत ने भाषण देते हुए कहा कि राजिम केवल तीन नदियों का संगम नहीं है। तीन जिलों और छत्तीसगढ़ की संस्कृति का भी संगम है। महामंडलेश्वर यतिन्द्रानंद गिरी जी महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि पांच वर्ष बाद राजिम कुंभ भव्य और दिव्य स्वरूप में दिख रहा है। भारत सहित पूरी दुनिया में इस समय सनातन संस्कृति का पुर्नजागरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भारत को विश्वगुरू बनाना है तो हम सब को एक होना होगा।राजीव लोचन महाराज ने कहा कि जब-जब धर्म पर आघात होता है तब संतो और साधुओ पर प्रतिबंध लगाया जाता है। धर्म का स्तंभ हमें स्थापित करना होगा। जिस प्रकार से राम जन्मभूमि में राजा विक्रमादित्य का नाम जुड़ा है। इसी प्रकार राजिम कुंभ से बृजमोहन अग्रवाल का नाम जुड़ा हुआ है। जब-जब कुंभ का नाम दिया जायेगा बृजमोहन को याद किया जायेगा।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजिम विधायक रोहित साहू ने किया। कार्यक्रम में विधायक इंद्र कुमार साहू, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक रूप कुमारी चौधरी, अमितेश शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा जितेन्द्र सोनकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और देशभर से आए साधु-संत तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# जानकी जयंती पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम,5 मार्च।** राजिम कुंभ कल्प मेला में 4 मार्च को जानकी जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने पर्व स्नान का पुण्य लाभ लिया। इस पावन अवसर पर कबीर पंथ एवं साहू समाज राजिम द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलुस महामाया मंदिर से निकलकर सुंदरलाल शर्मा चौक, वीआईपी रोड, श्रीराजीव लोचन मंदिर होते हुए संगम स्थित कुंड में समापन हुआ। जानकी जयंती के अवसर पर श्रध्दालुओं ने त्रिवेणी संगम में पर्व स्नान कर पुण्य लाभ उठाया। सुबह स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ अटल घाट, संगम घाट, स्वर्ण तीर्थ घाट, नेहरू घाट, स्नान कुण्ड घाट में उमड़ी, इस दौरान दीपदान भी किया। महिलाएँ सहित पुरूष व बच्चे स्नान उपरांत सूर्यदेव को अर्ध्य दिया तथा रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। धतूरा केसरिया, शंकर, दूध, दही, सुगंधित तेल, सरसों तेल, गेंदा फूल चढ़ाकर शिवलिंग के अर्ध परिक्रमा किया। ऐसी मान्यता है कि जानकी जयंती के दिन जो भी विधि-विधान पूर्वक पूजन कर व्रत रखता है, उसें सोलह महादान, पृथ्वी दान व समस्त तीर्थ दर्शन का फल मिलता है। इस दिन सुहागिन व्रत रखकर अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करती है।उल्लेखनीय हैं कि प्रयाग भूमि राजिम में जानकी जयंती स्नान का विशेष महत्व हैं। लोककथा के अनुसार त्रेता युग में वनवास के दौरान राम लक्ष्मण सहित देवी सीता ब्रह्मऋषि लोमश से मिलने नदी मार्ग से होते हुए आश्रम पहुंचे और चर्तुमास रूककर आसुरी शक्तियों का समूह नाश किया। इस दौरान नदी में स्नान कर देवी सीता ने रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक कर पूजन किया। तब से रेत से शिवलिंग बनाने की परम्परा चल पड़ी। माना जाता है कि इस तरह अनुष्ठान करने से हरि और हर सहित देवी सीता प्रसन्न होकर अबाध कृपा बरसाती है। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से कबीर आश्रम राजिम के प्रमुख मेघनाथ साहू, आचार्य श्रवण साहेब, महंत दाऊदास, नानकीदास, ऋषिराज, खगेशदास, नारायणदास, कमल यादव, लालाराम साहू, भोलाराम साहू भवानी शंकर, भोलाराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। शोभायात्रा का राजिम विधायक रोहित साहू ने नगर पंचायत राजिम के पास भव्य स्वागत सत्कार किया और पुष्प वर्षा कर संतजनो के आशीर्वाद लिए।

## माओवादी विरोधी अभियान के दौरान संदिग्ध से विस्फोटक एवं पर्चा बरामद



**बीजापुर, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर का बल तोड़का, सावनार की ओर माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।अभियान के दौरान दिनांक 03/03/2024 को सावनार बड़ी नदी किनारे सर्च करते वापसी के समय पुलिस पार्टी को देखकर छिपते हुए भागने का प्रयास करते हुए 04 संदिग्ध को घेराबंदी कर पुलिस पार्टी द्वारा पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध से पूछताछ पर अपना नाम 1. राजू पदम पिता सोमलू पदम जाति मुरिया उम्र 28 वर्ष निवासी पटेलपारा सावनार थाना गंगालूर 2. लक्ष्मण माड़वी पिता सन्नू माड़वी उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर 3. बुधराम कुरसम पिता पाण्डू कुरसम जाति मुरिया उम्र 35 वर्ष निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर 4. गुडडू कुरसम पिता सुक्कू जाति मुरिया उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी पटेलपारा सावनार थाना गंगालूर बताये एवं प्रतिबंधित माओवादी संगठन में छ्ययस्र एवं सावनार मिलिशिया टीम के सक्रिय सदस्य होना बताये । पकड़े गये संदिग्धो के कब्जे से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टीक, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के शासन विरोधी पाम्पलेट एवं पर्चा बरामद किया गया । पकड़े गये संदिग्धों के विरूद्ध थाना गंगालूर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं छ0ग0 विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

# ब्लाक उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर के सचिव, पटवारी सहित अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक





बीजापुर 5 मार्च । मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णुदेव साय द्वारा माओवाद प्रभावित इलाकों के गावों में विकास की गति में तेजी लाने और सरकार की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने ÷नियद नेल्लानार योजना÷ की शुरूआत की गई है। शासन के निर्देशानुसार सुदूर संवेदनशील, पहुंचविहीन एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति को बढ़ाने ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित केन्द्र और राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने, ÷नियद नेल्लानार योजना÷ (आपका अच्छा गांव) के तहत सड़क, बिजली, पानी, राशन सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन जैसे 25 बुनियादि सुविधाओं को बढ़ावा देने कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने मैराथन बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार मुख्यरूप से उपस्थित थे। दो पालियों में आयोजित बैठक में मैदानी अमलों पटवारी, सचिव सहित संबंधित सीईओ जनपद पंचायत, एसडीएम, तहसीलदार उपस्थित हुऐ। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने चिन्हाकित ग्राम पंचायतों के पटवारी, सचिव से गांवो में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी से अवगत होकर सभी गांवों में प्राथमिकता के आधार पर बारहमासी सड़क बनाने, विद्युतीकरण, सोलर विद्युत, उप स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, खोले जाने सहित राजस्व विभाग अर्नतगत सभी पात्र किसानों को ऋण पुस्तिका प्रदाय करने, स्कूली बच्चों का जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने, ग्रामीणों का ईपिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित शासन के हितग्राहीमूलक सभी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने, कृषि भूमि का समतलीकरण, भूमि सुधार उन्नत बीज प्रदाय करने, विभिन्न मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समय पर सुनिश्चित करने हेतु व्यापक समीक्षा करते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खेल मैदान का निर्माण स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य सामुदायिक भवनों के निर्माण करने के दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि यह चिन्हाकिंत गांव अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्र है जहां वर्तमान में नवीन पुलिस सुरक्षा कैम्प स्थापित कर उनके आसपास के गांवों को बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराकर ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने एवं भय और आतंक के माहौल से मुक्त कराने का अभूतपूर्व प्रयास है। जिससे ग्रामीणों में शासन की योजनाओं से जुड़ने स्वयं एवं परिवार के सर्वांगीण विकास के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं युवा वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने उनके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने विभिन्न गतिविधियों जैसे- खेल-कूद को बढ़ावा देने, खेल मैदान का निर्माण के साथ ही बैडमिंटन किट, फुटबॉल, क्रिकेट किट सहित बालिका खिलाड़ियों के लिए अन्य सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई। झोपड़ी में संचालित तीन स्कूलों को 10-10 लाख रूपए की त्वरित स्वीकृति- कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बैठक के दौरान संज्ञान में आने पर सुदूर ग्राम पंचायत कोरसागुड़ा के आऊटपल्ली, ग्राम पंचायत तर्रेम के चुटवाही तथा ग्राम पंचायत पुजारी कांकेर के सापेड़ में नवीन स्कूल निर्माण हेतु प्रत्येक को 10-10 लाख रूपए कुल 30 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। ज्ञात हो कि उक्त स्कूल झोपड़ीनुमा संरचना पर संचालित हो रही थी।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के प्रकरण का बैंक प्राथमिकता से करें निराकरण:सीईओ

रायगढ़, 5 मार्च। सीईओ जिला पंचायत एवं समिति के उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 2023-24 के अंतर्गत टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के उपस्थित हितग्राहियों से व्यापार के कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंकों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जैसे हितग्राही मूलक योजनाओं के लोन प्रकरण का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त 22 आवेदनों में समिति के समक्ष 13 आवेदक उपस्थित हुए, जिनका साक्षात्कार लिया गया। समिति ने इन 13 आवेदकों के प्रकरण बैंक शाखाओं को भेजे जाने के लिए उपयुक्त पाया गया।

## आस–पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बीजापुर, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेहरू युवा केंद्र दंतेवाड़ा (छ.ग), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा ऑडोटोरियम , बीजापुर में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस वर्ष आस-पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करना था जिसमे जिले के विभिन्न विकासखंड के युवाओं को देश के संसद के भांति मॉक पार्लियामेंट में भाग लेने का अवसर दिया गया । कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देश के संसद की कार्य प्रणाली को समझना था और उसके साथ अपने जीवन में सुदृढ़ निर्णय लेना भी था । मॉक पार्लियामेंट का विषय जिले में बढ़ती गरीबी था जिसमे पक्ष और विपक्ष के दोनो समूहों ने अपनी बातों को युवाओं के समक्ष रखा । इसके साथ ही कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों द्वारा नारी शक्ति एवं गरीब कल्याण जैसे विषय पर सेशन भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय आस पड़ोस-युवा संसद कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का मुख्यअतिथि राहुल कौशिक महिला एव बाल विकास,पूनम शर्मा एएसआई पुलिस विभाग, शीला भारद्वाज सखी संस्था, शालिनी सिंग,सुनीता तामडी, पुष्पा बंजारे, लेखिका साहू यूनिसेफ,उषा कोर ,लता ,मालती उपस्थित रहे द्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया सामूहिक नृत्य, एवं युवा संसद में भाग लिए प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन तेजेश्वर पाणिग्रही के द्वारा किया गया ,सुनील सेठिया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 6 एवं 7 मार्च को मिनी स्टैडियम में

**बीजापुर, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के बालिका/महिलाओं को खेलों के उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 06 एवं 07 मार्च 2024 को जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन मिनी स्टैडियम बीजापुर में किया जाएगा जिसमें एथलेटिक्स खो-खो, बैडमिंटन, व्हालीबाल, रस्सा कस्सी, कबड्डी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा।खेल प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है जिसके तहत भोजन एवं आवासीय व्यवस्था श्री केएस मसराम सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, व्यायाम शिक्षक व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल, मंच, पंडाल बैठक व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड, प्रशस्ति पत्र मेडल/ट्रॉफी, स्वल्पाहार, व्यवस्था एवं सम्पूर्ण तैयारी श्री दिलीप उईके डिप्टी कलेक्टर, कानून व्यवस्था श्री डीआर धुव्र तहसीलदार बीजापुर, कार्यक्रम स्थल में निर्बाद्ध विद्युत की व्यवस्था श्री जीएस दुर्वासा अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी, आयोजन के शुभारंभ एवं समापन में उद्घोषणा/मंच संचालन श्री जाकिर खान एपीसी शिक्षा विभाग, कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार/समाचार कवरेज/विडियोग्राफी श्री दिनेश कुमार नेताम सहायक संचालक जनसम्पर्क विभाग बीजापुर, कार्यक्रम स्थल में स्वच्छता एवं पेयजल की व्यवस्था श्री पॉल दास मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद बीजापुर, कार्यक्रम स्थल में आवश्यक चिकित्सक व्यवस्था डॉ. अजय रामटेके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर अथवा खेल मैदान निर्माण, खेल आयोजन एवं विजेता प्रतिभागियों की सूची तैयार करना श्री डी सुब्बैया सहायक खेल अधिकारी शिक्षा विभाग एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री दिलीप उईके डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी को बनाया गया है।

## शिक्षक भर्ती के लिए नई नियमावली तैयार

**रायपुर, 5 मार्च ।** राज्य के सरकारी स्कूलों में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी। शिक्षक भर्ती के नियमों में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। जिसके तहत इस बार प्राइमरी टीचर भर्ती में बीएड डिग्रीधारी फार्म नहीं भर पाएंगे।

इस क्लास के लिए डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) ही मान्य होगा। इसी तरह राज्य के मिडिल स्कूलों में पहली बार कामर्स के शिक्षक भी नियुक्त किए जाएंगे। इनके लिए पदों का प्रावधान किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक शिक्षक भर्ती की नई नियमावली से संबंधित प्रस्ताव स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से शासन को भेजा गया है।जानकारों ने बताया कि पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा था कि प्राइमरी टीचर के लिए बीटीसी यानी बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट वाले पात्र माने जाएंगे। इसका असर कई राज्यों की शिक्षक भर्ती पर पड़ा। कई जगह बीएड डिग्रीधारियों को प्राइमरी स्कूलों की शिक्षक भर्ती आवेदन से दूर किया गया। इस बार छत्तीसगढ़ की शिक्षक भर्ती में भी कुछ ऐसा प्रावधान किया जा रहा है। इसके अनुसार प्राथमिक स्कूलों के शिक्षक भर्ती में डीएलएड वाले ही फार्म भर पाएंगे। पिछले साल राज्य के सरकारी स्कूलों में सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता के करीब 12 हजार पदों के लिए वैकेंसी निकली थी। तब प्राइमरी टीचर के लिए बीएड डिग्रीधारियों ने भी फार्म भरा था। गौरतलब है कि प्रदेश के 146 कॉलेजों में इसकी 14400 सीटें हैं। हर साल औसतन 12 हजार से अधिक छात्र यह डिग्री पूरी करते हैं। शिक्षक भर्ती के नए नियम का असर इन पर पड़ेगा।

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2024 के लिए 7 मार्च से आवेदन भरे जाएंगे। व्यापमं की ओर से यह परीक्षा 21 जुलाई को आयोजित की जाएगी। स्कूलों में पहली से पांचवीं और छठवीं से आठवीं में अध्यापन की पात्रता के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें क्वालिफाई करने वाले ही प्राइमरी-मीडिल स्कूल में सहायक शिक्षक के लिए पात्र माने जाते हैं।

इस बार पहली से पांचवी की टीईटी के आवेदन बीएड डिग्रीधारी नहीं भर पाएंगे। पिछले दिनों टीईटी के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से व्यापमं को जो प्रस्ताव भेजा गया। यह पुराने नियमों के अनुसार था। लेकिन अब इसमें बदलाव की तैयारी है। इसके तहत प्राइमरी टीईटी के फार्म इस बार केवल डीएलएड वाले ही भर पाएंगे।

# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के छः सदस्यों को किया गिरफ्तार



**पत्थलगांव, 5 फरवरी।** शहर के भितर वाहन चोर गिरोह ने आतंक मचाया हुआ था,लगभग हर दिन वाहन चोरी की घटनाओ की शिकायत थाने मे दर्ज करायी जा रही थी,चोरी की बढती घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने एम्बुंस प्रणाली के तहत काम करते हुये एक विशेष टीम का गठन किया,जिसमे एस.डी.ओ.पी हरीश पाटिल के साथ प्रशिक्षु डी.एस.पी एवं थाना प्रभारी भानुप्रताप चंद्राकर को शामिल कर वाहन चोर गिरोह का पता लगाना शुरू किया,इस कार्य मे कडी मेहनत के बाद पुलिस को अंततः सफलता मिल ही गयी,जिला पुलिस अधीक्षक ने यहा के थाने मे आज प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया,जिसमे वाहन चोर गिरोह के छः सदस्यो के साथ चोरी हुयी 24 मोटरसायकल बरामद करने का खुलासा किया। उन्होने बताया कि थाना प्रभारी भानू प्रताप चन्द्राकर की स्पेशल टीम को वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले कुछ आरोपियों के बारे में सुराग हाथ लगा था,जिसके बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया, तो पूरे गिरोह का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने अब तक गिरोह के छः सदस्यों को सीतापुर के पेंट ग्राम एवं रायगढ़ के मुडागाँव व तारागढ़ ग्राम व अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मौका मिलने पर वह पलक झपकते ही बाइक चोरी कर लेते थे। पुलिस अधीक्षक ने गिरोह को पकड़ने में जुटे पुलिस टीम को नगद इनाम की घोषणा की है।।

योजना बनाकर करते थे चोरी-:जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि एस.डी.ओ.पी हरीश पाटिल एवं थाना प्रभारी भानुप्रताप चंद्राकर की विशेष टीम को संदेह के आधार पर बागे अकरम उर्फगुडडु निवासी पेंट थाना सीतापुर को सबसे पहले हिरासत मे लेकर पूछताछ शुरू की गयी। उसने हसनेन उर्फ गुल्ला,अकीदत उर्फ नंदु के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के अलावा अन्य जगहो से मोटरसायकल चोरी करने की बात कबुल करने के साथ उसे बिक्री करने का भी खुलासा किया,जिसके बाद पुलिस ने अलग-अलग जगहो पर दबिश देकर 24 नग मोटरसायकल जिसमे 20 नग एच.एफडीलक्स,2 नग पल्सर,2 नग पैशन प्रो,1 नग प्लैटिना मोटरसायकल जप्त की,जिसकी अनुमानित लागत लगभग 9 लाख रूपये आंकी गयी है।।

ये है मुख्य आरोपी-जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि मोटरसायकल चोर गिरोह के छः आरोपियो को पकडा गया है,जिनमे बागे अकरम उर्फ गुडडु पिता खलील अली पेंट (माझापारा) सीतापुर,साहिबे अकिदत हुसैन उर्फनन्दु पिता साकिर अली पेंट माझापारा थाना सीतापुर,मो0 हसनैन अली उर्फ गुलला पिता मो0 हजरत पेंट (माझापारा) ,सहनेबाज खान उर्फ सोनू पिता स्व0 ऐनामुल खान मुडागांव (खान मोहल्ला) साहिद रजा पिता रमजानूल हक तारागढ (मुसलमान पारा) जयलाल रावत पिता चूगू राम बटूराबहार थाना पत्थलगांव को भा.द.वि की धारा 379,411,413,414 एवं 34 के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।।

इनकी रही सराहनीय भूमिका-:मोटरसायकल चोर गिरोह की पतासाजी एवं पकडने मे सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग,जिला पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह के निर्देश के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप,अनुविभागीय पुलिस अधिकारी हरीश पाटिल,थाना प्रभारी भानुप्रताप चंद्राकर के साथ उप.निरीक्षक सुनील सिंह,स.उ.नि हरिराम टंडन,प्र.आर.मिथलेश यादव,भगत गोरे,विशाल गुप्ता,आर.कमलेश्वर वर्मा,आशीषन टोप्पो,शैलेन्द्र सिंह,पवन पैंकरा,चंद्रशेखर सिंह,मोरिश,दिनेश यादव,सागर नायक,नीरज तिर्की,सायबर सेल के हरिशंकर,नशरूददीन अंसारी,प्र.आर.मोहन बंजारे,अनंत मिरास,आर.अनिल सिंह,तुलसी रात्रे,मुकेश पांडे की सराहनीय भूमिका रही।।

## एक नजर

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सिमगा प्रवास 6 मार्च से

सिमगा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महराज का दो दिवसीय प्रवास सिमगा में। सिमगा के बहोरन लाल ताम्रकार ने बताया कि हमारे पुण्य उदय से मेरे निज निवास में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी का पदार्पण हो रहा है। उनके आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगा। जंहा वे बुधवार 6 मार्च को शाम 4 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पास एक विशाल धर्म सभा को संबोधित करेंगे। धर्मसभा के उपरांत जगद्गुरू अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महराज ताम्रकार निवास में रात्रि विश्राम करेंगे। 7 मार्च के प्रात: 6 . 30 बजे दीक्षा कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 बजे वे सिमगा ताम्रकार निवास से कवर्धा हेतु प्रस्थान करेंगे।

### एसपी ने ड्यूटी पर अनुपस्थित आरक्षक को किया निलंबित

पुलिस चौकी करहीबाजार में पदस्थ आरक्षक 322 योगेन्द्र कुमार साहू कि दिनांक 21 फरवरी के 3 बजे राजिम कुंभ मेला ड्यूटी हेतु रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार के माध्यम से रवाना किया गया था। 2 मार्च को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम लालपुर का बीरू रजक अपने पान दुकान में शराब बिक्री करने हेतु रखा है, कि उक्त सूचना पर चौकी करहीबाजार से पुलिस बल द्वारा संबंधित शराब कोचिया के घर-दुकान में दबिश दिया गया। पुलिस टीम के शराब विक्रेता के घर पहुंचने पर आरक्षक क्र. 322 योगेन्द्र साहू भी उक्त स्थान पर शराब पीते पाया गया। इस प्रकार, आरक्षक द्वारा राजिम कुंभ मेला ड्यूटी से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहकर अवैध शराब कारोबारी के घर शराब सेवन कर विभागीय गोपनीयता भंग करते हुए, अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित किया गया।इस गंभीर अनुशासन हीनता के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा आरक्षक क्र. 322 योगेन्द्र कुमार साहू, पुलिस चौकी करहीबाजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किये जाने का आदेश पारित किया गया है।साथ ही उक्त प्रकरण में आरक्षक के विरुद्ध प्राथमिक जाँच आदेश करते हुए जांचकर्ता अधिकारी को 07 दिवस के भीतर प्राथमिक जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



कोरबा, 5 मार्च। कलेक्टर अजीत वसंत ने जन चैपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चैपाल में लोगों ने अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बटांकन, मजदूरी भुगतान, राशन कार्ड, मुआवजा, वन अधिकार, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया।
जनचैपाल में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचैपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचैपाल में ना आना पड़े।

### आईटीआई कोरबा में अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 11 को

कोरबा 5 मार्च। कोरबा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में 11 मार्च को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थी शासकीय आई.टी.आई. कोरबा कॉलेज में सुबह 09 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

---

कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# दशहरा मैदान में 6 को महिला सम्मान एवं खेलकूद स्पर्धाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 6 मार्च 2024 को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में महिला सम्मान एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर के.एल.चौहान ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी दिशा -निर्देश दिए।

कलेक्टर चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर बेटिकेटिंग के लिए आवश्यक बांस बल्ली हेतु वनमंडलाधिकारी, सुरक्षा व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आमंत्रण कार्ड वितरण, मंचीय व्यवस्था, माइक, लाई एवं साउंड सिस्टम, विद्युत आपूर्ति एवं जनरेटर की व्यवस्था, समस्त वीआईपी, जनप्रतिनिधि, अधिकारियों की बैठक व्यवस्था, मय एम्बुलेंस चिकित्सा दल, अग्निशम वाहन, अस्थाई शौचालय व्यवस्था, शुद्ध पेयजल आदि के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

महिला सम्मान एवं खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेल प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग की महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं सीएमओ उपस्थित थे।



# भाटापारा में ट्रेन स्टॉपेज नहीं मिलने से नए रिश्ते बनने में आ रही हैं रूकावटें

## 5 साल से भाटापारा में विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग करते करते थक गए हैं नगरवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 मार्च।** भाटापारा में ट्रेन स्टॉपेज नही मिलने से अब नए रिश्ते बनने में भी व्यवहारिक दिक्कते सामने सुनाई देने लगी है, बाहरी लोगो को भी अब इस बात को दुख अफसोस होने लगा है की इतने बड़े शहर में प्रमुख गाड़ियों का स्टॉपेज क्यों नही करा पाए यहां के नेता गण, इस शहर को आज भी प्रमुख यात्री ट्रेनों के पहियों के थमने का बेसब्री से इंतजार है।

अभी तक नगर वासी अपने बच्चो की पढ़ाई के लिए, अपने परिजनों को अच्छी चिकित्सा सुविधा दिलाने, बड़े बुजुर्गो को तीर्थ यात्रा में ले जाने और अपने परिवार को दार्शनिक यात्रा में ले जाने अपने अपने स्तर पर पिछले 5 साल से भाटापारा में विभिन्न ट्रेनों का स्टॉपेज की मांग करते करते थक गए है लेकिन अब एक नई बात सुनने में आई की ट्रेनों की संख्या भाटापारा में कम होने से नए रिश्ते को लेकर अड़चन आ रही है। इस शहर में सभी समाज धर्म के लोग बहुतायत की संख्या में निवासरत है और उनके रिश्तेदार छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा अन्य राज्यो के विभिन्न शहरो नगरी कस्बों में निवासरत है। उनके शहरो में रुकने वाली ट्रेनें भाटापारा में ना रुकने से उन्हें आने जाने में ना




केवल परेशानी हो रही है बल्कि उनका समय भी खराब हो रहा है और पैसा भी अलग लगता है।वर्तमान में भाटापारा में 48 ट्रेनों का स्टॉपेज नही है, जबकि भाटापारा रेलवे स्टेशन रायपुर लोकसभा क्षेत्र का दूसरा और अपने जिले का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है।इस शहर से देश की आर्थिक राजधानी माया नगरी मुंबई जाने के लिए 21 घंटे तक ट्रेन है, ऐसे में इस शहर से नाता रिश्ता रखने या यहां आने में लोगो को सोचना पड़ रहा है।मध्य प्रदेश के मिनी बॉम्बे के नाम से प्रसिद्ध इंदौर जैसे शहर जाने के लिए 1 भी ट्रेन नही है।माता कामख्या देवी के दर्शन करने जाना हो या शिरडी के साई बाबा के दर्शन करने जाना हो, या हुजूर साहेब नांदेड़ जाना हो यहां से सीधी कोई ट्रेन नही है। किसी बीमार अस्वस्थ का इलाज कराने जांच करने हैदराबाद जाने की बात हो तो सीधी ट्रेन की सुविधा से यह शहर वंचित है।ऐसा नहीं है की ट्रेन नही चल रही है।इन शहरों के लिए साप्ताहिक ट्रेनें है लेकिन जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते शहर सहित इस जिले की जनता को ट्रेनों की सुख सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद इन 5 सालो से किसी भी यात्री ट्रेनों का रायपुर रेल डिविजन के भाटापारा जैसे बड़े स्टेशन पर स्टॉपेज नही हो पाया है और 2024 लोक सभा चुनाव भी आ गया ऐसे में शहर की जनता बहुत व्यथित हो गई है की वो करे तो क्या करे। बहर हाल आगे चुनाव है और निर्णय जनता जनार्दन को लेना है।

## समाचार संक्षेप

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में लगाई गई मनमोहक झांकिया

भाटापारा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। त्रिमूर्ति शिव जयंती, महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में 6 से 10 2024 तक प्रतिदिन संध्या 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक एवं महाशिवरात्रि के दिन प्रात: 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक द्वादश ज्योतिर्लिंग की अति रमणीक, मनमोहक झांकी स्थानीय सेवा केंद्र प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एल आई सी ऑफिस के पीछे नरसिंह विहार कालोनी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा में लगाई गई है। उक्त झांकी का मुख्य आकर्षण 25 फीट ऊंचा शिवलिंग, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, गहन योग अनुभूति, देश के अलग-अलग हिस्से में विद्यमान परमात्मा शिव भोलेनाथ की यादगार द्वादश ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन एवं 25 फीट ऊंचे विशाल शिवलिंग का दर्शन कर एक ही जगह पर, एक ही यात्रा में, 12 तीर्थ यात्राओं के पुण्य फल की सहज प्राप्ति, एवं दर्शन लाभ हेतु आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। महाशिवरात्रि त्यौहार परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का यादगार है। जब इस धरा पर चारों ओर अज्ञान-अंधकार छाया होता है तथा मनुष्य आत्माएं काम, क्रोध, लोभ एवं अहंकार रूपी विकारों के वशीभूत हो जाती है तब ऐसे अति धर्म ग्लानि के समय मनुष्यों को निर्विकारी और पवित्र बनाने के लिए परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण इस धरा पर होता है। अत: समस्त भाईयों एवं बहनों से विनम्र अपील है कि 25 फीट ऊंची विशाल शिवलिंग एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग की दर्शन लाभ प्राप्त कर पुण्य के भागीदार बने। उक्त जानकारी राजयोग शिक्षिका बी के मंजू दीदी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने दी।

### डीई ने उत्कृष्ट लाइन स्टाफ को किया सम्मानित



भाटापारा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 4 मार्च को लाइनमैन दिवस पर संभागीय कार्यालय भाटापारा में कार्यपालन अभियंता एन के सोनी द्वारा विभिन्न वितरण केंद्र में कार्यरत उत्कृष्ट लाइन स्टाफ??? क्रमश हनीफमोहम्मद वितरण केंद्र निपनिया, सुरेश कुमार निर्मलकर वितरण केंद्र निपनिया, अनुप कुमार साहू वितरण केंद्र भाटापारा दो, मनोज कुमार साहू वितरण केंद्र भाटापारा दो, पूना राम साहू भाटापारा जोन, जितेन्द्र कुमार वर्मा वितरण केंद्र भाटापारा एक एवं महेश्वर जाधव उप संभाग भाटापारा को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संभाग के सहायक अभियंता वासुदेव साहू, उमाशंकर बर्मन, सचिंद्र सोनी, संतराम पटेल एवं कनिष्ठ अभियंता पुनीत शुक्ला तथा अभिषेक साहू तथा लाइन स्टाफ एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### सीईओ ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को किया रवाना



सिमगा, 5 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) हेतु 29 यात्रियों का जत्था को सीईओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे ने आज सुबह 7 बजे ग्रामीण व नगरी निकाय के 30 सहायक अनुरक्षक सहित यात्रियों को पिताम्बर मानिकपुरी सहायक नोडल अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सम्मानपूर्वक राम भक्तों को रवाना किया इस विशेष समारोह में अभिजित अवस्थी, चंद्रमणी तिवारी एवं जनपद पंचायत के स्टाफगण उपस्थित थे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें: सांसद

**कोरबा 5 मार्च।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद महंत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। जिले में युवा एवं ऊर्जावान अधिकारियों की टीम मौजूद है, जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

सांसद महंत ने दूरस्थ इलाकों में पोस्टमार्टम (शव परीक्षण) केंद्र, मर्च्युरी, एंबुलेंस का संचालन करने, स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों



में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित रूप से देने के निर्देश दिए। हर घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सांसद महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ किया गया है। श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे बताया कि यह योजना छ.ग. सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिनके द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े, कमजोर होने के कारण श्रमिकों के बच्चे प्रतिभावान एवं योग्य होते हुए भी उच्च शिक्षा एवं शासकीय सेवाओं में नहीं जा पाते हैं ऐसे बच्चों के उज्वल भविष्य एवं उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़कर सक्षम बनाने हेतु इस कोचिंग योजना को प्रारंभ किया गया है ताकि श्रमिकों के बच्चे भी कोचिंग कर शासकीय सेवाओं में चयनित हो सके। इस योजना के अंतर्गत ऐसे निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन को कर्मकार मंडल में 1 वर्ष पूर्ण हो चुका है स्वयं तथा अपने प्रथम दो बच्चे को जो शैक्षणिक योग्यता रखते हो इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इस योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीजी पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस इंट्रेस एग्जाम के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार नि:शुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ केवल ऑनलाईन आवेदन के माध्यम से कर सकते है। आवेदक स्वंय, किसी भी च्वाईस सेंटर, श्रमेव जयते (मोबाईल एप्प) अथवा संबंधित क्षेत्र में श्रम कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे हितग्राही की जीवित पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति, आधार कार्ड की प्रति, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अंक सूची की प्रति एवं हितग्राही द्वारा स्वघोषणा प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन के साथ केवल मूल दस्तावेज ही स्कैन कर ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।

### शासकीय कार्य में लापरवाही का मामला, पटवारी को किया गया निलंबित

**कोरबा 5 मार्च।** कलेक्टर अजीत वसंत ने पटवारी श्री मोहन लाल कैवर्त्य को अपने पदीय क्षेत्र में शासकीय कार्यों के निर्वहन के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार बरपाली के प्रतिवेदन के आधार पर बरपाली तहसील के पटवारी हल्का नंबर 09 ग्राम पुरैना के पटवारी श्री मोहन लाल कैवर्त्य को पदेन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इस हेतु कलेक्टर श्री बसंत ने पटवारी के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन काल में पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय पसान नियत किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403092100041
अ/2 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंचल यादव पिता राधेश्याम यादव, जाति यादव, निवासी डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ. ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदिका के नाम से ग्राम डोंगरगढ़, प.ह.नं. 25, तहसील डोंगरगढ़ में खसरा नंबर 300/94 रकबा 0.012 हे. भूमि स्थित है जो कि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है। आवेदिका के नाम से दर्ज उक्त भूमि पर आवेदिका मकान निर्माण करना चाहती है। आवेदिका द्वारा डोंगरगढ़, प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 300/94 रकबा 0.012 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 08/03/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं भू-परिवर्तित अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने बाल्को में किया शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का शुभारंभ

# देश के विकास में श्रमिकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता: श्रम मंत्री

**कोरबा 5 मार्च।** श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा जिले के बाल्को में शहीद वीर नारायणसिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 05 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी श्रमिकों को भोजन परोसने के साथ भोजन किए और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में भोजन अवश्य करें। श्रम मंत्री ने इस पहल को गरीब श्रमिकों के लिए लाभदायक बताते हुए श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिवार के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिकों ने सड़क, पुल-पुलिया, महल सहित अन्य बड़े-बड़े कार्य



किए हैं। उद्योग मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिले।

दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। श्रम मंत्री ने बताया कि उन्होंने भी गरीबी को बहुत ही करीब से देखा है। इसलिए वे श्रमिकों की आवश्यकताओं को भलीभांति जान और समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 21 स्थानों पर दाल-भात केंद्र प्रारंभ है। अन्य 22 स्थानों पर भी इसका संचालन किया जाएगा। कोरबा जिले में तीन स्थानों पर दाल-भात केंद्र का संचालन होगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि बहुत से श्रमिक भाई कार्य की वजह से हड़बड़ी में घर से खाना खाकर नहीं आ पाते। ऐसे में दाल-भात केंद्र के माध्यम से कम कीमत पर भोजन उनके लिए लाभदायक साबित होगा। मंत्री श्री देवांगन ने श्रमिकों को बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गरीबों और श्रमिकों के कल्याण के लिए सोचते हैं। उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों के लिए योजनाएं बनाई हैं। प्रदेश में महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी महिलाओं को साल के 12 हजार रूपए देने, किसानों को 3100 रूपए समर्थन मूल्य तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए मानक बोरा सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना काल में गरीबों को मुफ्त चांवल भी दिया गया ताकि गरीब भूखे पेट न सोए। इसी तरह प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। इनमें पंजीयन कराने वाले गरीब परिवारों को लोन देकर जीवन स्तर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

